तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 9 अक्टूबर 2024

10 भाजयुमो भिलाई ने निकाली रथयात्रा




13 सायबर संबंधित जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक





## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

## बारिश गिरने से तापमान में आई गिरावट

**भिलाई।** मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे फिर बूंदा-बूंदी गिरने से मौसम के तापमान में आई गिरावट जिससे लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली।

### तीन युवक गिरफ्त में तीन हैं फरार, दुर्ग कोतवाली पुलिस कर रही है जांच

# सेंटरिंग का काम करने वाले युवक की हत्या, रंजिश बनी हत्या का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेंटरिंग का काम करने वाले पुराने बदमाश की हत्या पुरानी रंजिश के चलते हो गई है। घटना में 6 युवकों के शामिल होने का संदेह है जिसमें तीन युवकों को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार किया है। तीन से पूछताछ की जा रही है।

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि राजीव नगर दुर्ग निवासी आदतन बदमाश दादू देशमाने का दरोगा गली मठपारा चंडी मंदिर दुर्ग के पास पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अनिल साहू, किशन यादव, विशाल देवांगन उर्फ गोलू ने ईंट पत्थर से हमला कर गंभीर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची और घायल दादू को अस्पताल पहुचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटनास्थल से पुलिस को ईंट, पत्थर समेत अन्य सामान को जब्त किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहल्ले के अनिल ,विशाल, किशन को रात में ही पकड़ लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना में तीन और युवक शामिल है। तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। गौरतलब हो कि जिले में आदतन बदमाशों की मानों सामत सी आ गई है। एक के बाद एक अपराधियों की हत्या अब मोहल्ले के युवकों द्वारा किया जा रहा है। जिसका बड़ा उदाहरण भिलाई तीन स्थित हथखोज की घटना है।





### जमानत पर छूटे अपराधियों पर नकेल नहीं

लगातार हत्या की वारदाते जिले में होने से पुलिस सुरक्षा पर सवाल खडा हो रहा है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने पेट्रोलिंग करती आई है। लेकिन जिले में व्यवस्था पुख्ता नहीं हो पा रहा है। अपराध के लगातार बढ़ने से लोगो में असुरक्षा की भावना आ रही है। जमानत पर छूटे अपराधियों पर नकेल नहीं कसने से अपराधों का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। उनकी जमानत को अब कैंसल करना अनिवार्य हो गया है। अब तक जितने भी हत्याएं हुई है, सभी नशे के चलते ही हो रहा है। नशा के सौदागरों पर भी लगाम कसना जरुरी हो गया है। नशा बेचने वालों के खिलाफ जिले अभियान चल रहा है मगर इसके मास्टर माइंड पकड़ से बाहर है।

## अश्लील वीडियो बनाने वाला युवक राजस्थान से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



इंस्टाग्राम से दोस्ती कर नाबालिग का अश्लील वीडियों बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाला युवक राजस्थान से गिरप्तार हुआ है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धार 59, 354, आईटी एक्ट, पाक्सो के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि इंस्टाग्राम से ग्राम मानपुर आर थाना परसोला जिला प्रतापगढ़ राजस्थान निवासी संदीप अदावत ने नाबालिग को बहला फुसलाकर वीडियो कलिंग से अश्लील वीडियो बना लिया। जब नाबालिग को परिजनों द्वारा समझाया गया कि आरोपी से बात करने पर मना किया गया। तब आरोपी संदीप अश्लील वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से परिजन को भेज दिया। जिसके खिलाफ जेवरा पुलिस चौकी में शिकायत की गई। मामले में पुलिस ने टीम बनाकर राजस्थान भेजा गया जहां से संदीप को गिरफ्तार कर भिलाई लाया गया।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## गुजरात पुलिस की 15 सदस्यीय टीम पहुंची दुर्ग जिले के भ्रमण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- दुर्ग रेंज आईजी गर्ग ने दी कार्य संचालन की जानकारी
- टीम ने जाना पुलिस की कार्यशैली को

गुजरात की 15 सदस्यी टीम दुर्ग जिले में पहुंची। जवानों का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के पुलिसिंग के तौर-तरीकों और संस्कृति को समझना है। इससे आपसी समन्वय और अनुभवों का आदान-प्रदान किया जा सके। अभियान के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस की एक टीम भी गुजरात दौरे पर गई हुई है। अआईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देशानुसार गुजरात पुलिस से आए 1 उप निरीक्षक, 1 सहायक उप निरीक्षक, 3 प्रधान आरक्षक और 10 आरक्षकों की टीम पहुची। दुर्ग रेंज का दौरा कराया गया और कार्य संचालन की जानकारी दी गई। डीएसपी पनिक राम कुजूर ने गुजरात पुलिस के समस्त जवानों को कार्यालय के दैनिक कार्यों और विभिन्न शाखाओं के कार्य संचालन की जानकारी दी गई। भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत गुजरात से आए पुलिसकर्मियों को यह भी जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में लोग कैसे रहते हैं। पुलिस की वर्दी कैसी होती है और यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल कौन-कौन से हैं।

## कोचिंग से घर लौट रहे बालक की बोलेरो की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोलरे की चपेट में आने से सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार की शाम केम्प-1 की है। जहां जलेबी चौक निवासी आर्यन यादव शाम को कोचिंग क्लास से साइकिल में अपने घर लौट रहा था। तभी केम्प-1 के पास तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक बोलेरो चालक वाहन को चलाया और मासूम बालक उसके चपेट में आ गया। हादसे में बालक की मौत हो गई। शव को पीएम के लिए मरचूरी में रख दिया गया।

## सेंट्रल एवेन्यू में चलती बाइक में लगी आग

**भिलाई।** सेंट्रल एवेन्यू में चलती बाइक में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई। वाहन चालक को कुछ समझ आता उससे पहले ही आग का रुप विकराल हो गया। सूचना पर फायर बिग्रेड की वाहन मौके पर पहुची। मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 3 के सामने जा रहे सतीश कुमार की बाइक सीजी 04 एनपी 9946 पर आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही दमकल एवं आपदा प्रबंधन की टीमों तुरंत पहुती। कर्मियो ने बड़ी सावधानी पूर्वक बाइक में लगी आग को तुरंत बुझाया। आग बुझाने वालों में टीम में कर्मी एफ प्रवीण बारा , टीकेंद्र, भिषम , भोपेश शामिल थे।


## भिलाई-चरोदा में डेंगू और स्वाइन फ्लू के मिले मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के पंचशील नगर में एक स्वाइन फलू का पाजिटिव मरीज मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक पुष्टि रायपुर का एक निजी अस्पताल ने की है। जहां महिला का उपचार जारी है। उपचार होने से स्थिति समान्य हो रही लैबोरेटरी जांच में एच 1 एन 1 स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। दूसरा डेंगू का मरीज वार्ड 23 चरोदा में मिला है जिसका उपचार शहरी स्वास्थ्य केंद्र चरोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डेंगू एन एस 1 पाजिटिव की पुष्टि अख्तर पैथालॉजी लैब पावरहाउस के लैबरोटरी से हुई है। मरीज की स्थिति समान्य है बुखार के बाद जांच कराने पर डेंगू की पुष्टि हुई है। हालांकि एलाइजा टेस्ट अभी नहीं हुआ है। जिसकी रिपोर्ट के बाद ही कंफर्म डेंगू प्रकरण माना जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से जर्जर होने से लगातार डेंगू के मरीज मिल रहे है। वहीं स्वास्थ्य अमला के लापरवाही के कारण सुअर गली, मोहल्ले में विचरण कर रहे है। जिसके चलते स्वाइनफ्लू महामारी फैलने की आशंका जताई जा रही है।

श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्म 17.12.1942
निर्वाण 30.09.2024

स्व. श्री अजय सिंह परिहार

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
स्व. श्री अजय सिंह परिहार
अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर
दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| दशगात्र | : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में) |
| तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज | : **13 अक्टूबर 2024, रविवार** |
| स्थान | : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर |
| समय | : दोपहर 1 से 5 बजे तक |

शोकाकुल
श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार
नोट: जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।



## खबर संक्षेप



### कर्मियों को लाभांश व ब्याज का वितरण 10 से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 भिलाई नगर में लाभांश और ब्याज की राशि का वितरण 10 अक्टूबर से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने बताया कि सदस्यों के खाते में अंतरित जमा वर्ष 2022-2023 का लाभांश एवं वर्ष 2023-2024 के ब्याज की राशि का वितरण 10 अक्टूबर से माह फरवरी 2025 तक मुख्य शाखा सहित समस्त शाखाओं में कार्यालयीन समय पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लाभांश एवं ब्याज लेने के इच्छुक सदस्य संबंधित शाखाओं से कार्यालयीन समय में अपनी राशि प्राप्त कर सकते है।

### क्विज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एलएंडडी (पूर्ववर्ती एचआरडी) विभाग ने सितंबर-अक्टूबर 2024 में आयोजित 25वीं एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंधन क्विज में 5 टीमों को स्पांसर किया है। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) और निजी क्षेत्र की कुल 125 से अधिक टीमों ने भाग लिया था। सहायक महाप्रबंधक (ओपी-2) उमेश माल्यथ और वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) निवेश विजन ने मेगा एचआर क्विज में प्रथम रनर-अप और उप प्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) सुष्मिता पाटला व उप प्रबंधक (एचआर) शालिनी चौरसिया की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों ने भिलाई आकर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के हाथों ट्रॉफी ग्रहण किया। पवन कुमार ने एचआर क्विज़ की प्रथम और द्वितीय उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।

### हिंदी भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविघालय के तत्वावधान में निगमन कार्यालय, भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## एमआईसी बैठक में 6 प्रस्ताव विचारार्थ

# सीवरेज सफाई के लिए निगम भिलाई खरीदेगा 1.4 करोड़ से जेटिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अनुपस्थिति में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू के अध्यक्षता में आहुत की गई। परिषद के समक्ष 6 प्रस्ताव विचारार्थ रखे गये। जिसमें प्रमुख रूप से निगम क्षेत्र में मटेरियल रिकवरी सेंटर निर्माण का कार्य किया जायेगा। जो ब्लाक वेस्ट जनरेटर यानि बल्क में जो कचरा एकत्रित होगा, उसको मशीन के माध्यम से सेग्रीगेट किया जाएगा।




### सेग्रीगेशन के बाद खाद की होगी रिसाइकिलिंग

एमआईसी सदस्यों का कहना है कि सेग्रीगेशन के पश्चात आवश्यकतानुसार कचरे का रिसाईकिलिंग खाद बनाने का कार्य एवं अन्य कार्य आसानी से किये जा सकेगें। निगम क्षेत्र में सिवरेज सफाई के लिए ट्रक माउंटेड सक्शन कम जेटिंग मशीन लागत राशि 104.70 लाख शासन द्वारा निर्धारित क्रय पद्धति के अनुसार क्रय किए जाएंगे। जिससे सीवरेज की सफाई में और गति आ जाएगी।

### स्वच्छता दीदियों की खाद निर्माण में रहेगी भूमिका

एमआईसी में एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरें से खाद तैयार करने स्वच्छता दीदियों की भूमिका तय की गई। निगम क्षेत्र में स्थित 9 एस.एल.आर.एम. सेंटर हैं। इन सेंटरों में पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह के स्वच्छता दीदियो के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

### सामु. भवन स्थल परिवर्तन को मंजूरी

वार्ड 4 नेहरू नगर मिनी माता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का स्थल परिवर्तन कर व्यावसायिक परिसर नेहरू नगर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-03 सीवर लाईन चेंबर निर्माण कार्य एवं सीवर, संपवेल, सीवरेज पंपिंग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य हेतु आए प्रस्ताव को निगोशियेशन आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई। महापौर परिषद की बैठक में संदीप निरंकारी, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चौबे, चन्द्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, लालचंद वर्मा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, निगम सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त सतीश यादव, अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अरविंद शर्मा, रवि सिन्हा, विनिता वर्मा, अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक अधीक्षक राजेश पालवे आदि उपस्थित रहें।

# रिखी ने 108 लोक वाद्यों के साथ दी सामूहिक प्रस्तुति, सीएम ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गैर सरकारी पहल 'लोकमंथन' की ओर से छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक राजधानी रायपुर में किया गया। इस दौरान इस्पात नगरी भिलाई निवासी व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं उन्होंने अपने संग्रहित लोकवाद्यों की प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित देश भर के कला संस्कृति से जुड़े लोगों भरपूर तारीफ की। इस दौरान रिखी क्षत्रिय की कला व उनके वाद्ययंत्रों का संग्रह देख कर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंदकुमार मुक्त कंठ से सराहना की। अगले माह हैदराबाद में 21 से 24 नवंबर तक होने वाले 'लोकमंथन' के चौथे संस्करण में शामिल होने का न्योता भी दे दिया। वहां रिखी देश भर के आदिवासी लोक कला मर्मज्ञों और आदिवासी समुदाय के

- लोक मंथन के राष्ट्रीय आयोजन में अपने समूह के साथ हैदराबाद बुलाए गए रिखी

कलाकारों के बीच अपना संग्रह प्रस्तुत करेंगे और अपने समूह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। इधर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप भी पहुंचे। इस दौरान रिखी क्षत्रिय ने घुमरा बाजा से शेर की आवाज निकालकर दिखाई। इसी तरह रिखी क्षत्रिय ने कुहुकी, चरहे, तोडी, सिसरी,चिकारा, भेर और हुलकी आदि वाद्य भी बजाकर दिखाया। अतिथियों ने रिखी की इस प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की। आयोजन में डॉ. एनवी रमण राव निदेशक एनआईटी रायपुर, प्रो. राजीव प्रकाश निदेशक आईआईटी भिलाई, प्रो. पीयूष कांत पांडे कुलपति एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, गोपाल आर्य अखिल भारतीय संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, वी. श्रीनिवास राव आई.एफ.एस. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़, विनय दीक्षित फील्ड समन्वयक प्रज्ञा प्रवाह, प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और शंखदीप चौधरी अध्यक्ष, विबग्योर एनई फाउंडेशन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहरी की धुन लाइव बजती रही। भित्ती चित्र की लाइव पेंटिंग दिखाई गई।

पहल

# बस्तर के एमए पाठ्यक्रम में पारकर का उपन्यास शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के बाद अब शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर में भी आंचलिक साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर लिखित छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'बहू हाथ के पानी' को विद्यार्थी पढ़ेंगे। इसके अलावा पारकर के रचनात्मक अवदान पर हाल ही में एक शोधार्थी ने अपनी पीएचडी पूरी की है।

पारकर ने बताया कि उन्हें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की ओर से जानकारी भेजी गई है कि एमए हिंदी के द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम जनपदीय भाषा और छत्तीसगढ़ी साहित्य में इस साल दूसरे सेमेस्टर से उनका लिखा छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'बहू हाथ के पानी' पढ़ाने के लिए शामिल किया गया है। इसी तरह दुर्ग विश्वविद्यालय में 8 वें सेमेस्टर में उनका यह उपन्यास शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि कलिंगा



विश्वविद्यालय कला एवं मानविकी विभाग ने गणेश राम कौशिक को उनके शोध कार्य पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। कौशिक ने अपना शोध प्रबंध डॉ. अजय शुक्ला के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध प्रबंध का विषय "छत्तीसगढी लोक साहित्य के सन्दर्भ में दुर्गा प्रसाद पारकर का रचनात्मक अवदान" था। देवतरा तखतपुर निवासी गणेश राम कौशिक ने अपना शोध ग्रंथ दुर्गा प्रसाद पारकर को भेंट किया। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम में हरिशंकर परसाई के हिन्दी व्यंग्य का पारकर द्वारा छत्तीसगढ़ी अनुवाद 'सुदामा के चाउर' व्यंग्य संग्रह शामिल किया गया है।

# राजभाषा पखवाड़ा के विजेताओं को किया पुरस्कृत, मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के राजभाषा विभाग मानव संसाधन विकास केन्द्र में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक

- वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

(वर्क्स) अंजनी कुमार थे। उनके अलावा एस मुखोपाध्याय, डॉ. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, डॉ. एम रविन्द्रनाथ, अरुण कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर राजभाषा पखवाड़ा प्रतियोगिताओं के निर्णायकगण तथा विजेताओं को सम्मानित किया गया।अंजनी कुमार ने कहा कि संयंत्र अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति की दिशा में सदैव ही प्रतिबद्ध रहा है। हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए जिस प्रकार भारत सरकार विभिन्न माध्यमों से निरंतर प्रयासरत है, उसी प्रकार इस दिशा में लगातार विभिन्न आयोजनों के माध्यम से प्रयास किया गया है। सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज करने के प्रति भिलाई इस्पात संयंत्र का रुझान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।



### इन्हें मिला सम्मान

वार्षिक पुरस्कारों के क्रम में 'निदेशक प्रभारी, राजभाषा वैजयंती' खदान क्षेत्र में 'राजहरा लौह अयस्क समूह' को, संकार्य क्षेत्र में 'मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट' को तथा 'गैर संकार्य' क्षेत्र में 'नगर सेवाएं' विभाग को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ हिंदी समन्वय अधिकारी का सम्मान सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) स्मिता जैन को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया। आभार प्रदर्शन स्मिता जैन ने किया।

# लूतरा शरीफ का 66 वां सालाना उर्स 20 अक्टूबर से, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहंशाहे छत्तीसगढ़ के नाम से मशहूर सूफी-संत हुजूर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह लुतरा शरीफ के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा गठित इंतेजामिया कमेटी 6 दिवसीय सालाना उर्स की तैयारियों में जुटी हुई है। सदर इरशाद अली ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के 6 दिवसीय 66 वां सालाना उर्स पाक 20 से 25 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। 20 अक्टूबर की सुबह 11 बजे परचम कुशाई मटका पार्टी पप्पू नौशाही कामठी नागपुर के साथ किया जाएगा। पहले दिन रात 9 बजे नात मनकबत तकरीर कारी अल्हाज हसन अशरफी व हाफिज मोहम्मद इजरायल मुदर्रिश दारुल उलूम फैजाने इंसान अली शाह के द्वारा कलामें पाक की तिलावत के साथ प्रोग्राम की शुरुआत करेंगे। इसके पहले दोपहर 3 बजे दरगाह से शाही संदल चादर निकाली जाएगी जिसे दादी अम्मा की दरगाह खम्हारिया में चढ़ाई जाएगी। उर्स के दूसरे दिन 21 अक्टूबर को दोपहर 12:40 बजे मजार ए पाक का गुस्ल, सलातो सलाम व शिजरा खानी होगी। शाम 3 बजे पुराने दरबार में संदल चादर

- 6 दिवसीय सालाना उर्स की तैयारियों में जुटी कमेटी

व महफिले समा के साथ ही दरबारी कव्वाल यासीन शोला व उनके साथी सूफियाना कलाम पेश करेंगे। रात 9 बजे तकरीर का अजीमुशशान जलसा रखा गया है जिसमें किछौछा शरीफ (उप्र) से आए धर्म गुरु सैय्यद राशिद मक्की मियां साहब व कटिहार बिहार के मुफ्ती मोइनुदीन चतुर्वेदी साहब तकरीर (प्रवचन) करेंगे।

### 25 को रंग की महफिल और कुल की फातिहा

22 अक्टूबर को रात 9 बजे रेडियो ऑडियो एवं टीवी सिंगर दिल्ली के कव्वाल चांद अफजाल कादरी अपना कलाम पेश करेंगे। इसके पहले आल छत्तीसगढ़ मुस्लिम तंजीमों का इस्तेकबाल किया जाएगा। 23 अक्टूबर को आल इंडिया नातियां मुशायरा कार्यक्रम रात 9 बजे किया जाएगा। इसी तरह 24 अक्टूबर की रात 9 बजे से लुतरा शरीफ के दरबारी और हिंदुस्तान के मशहूर रेडियो ऑडियो एवं टीवी सिंगर बिजनौर यूपी के बीच कव्वाल रईस अनीस साबरी के द्वारा शानदार कव्वाली की प्रस्तुति दी जाएगी। 25 अक्टूबर को बाद नमाजे फजर कुरान ख्वानी 11 बजे रंग की महफिल व कुल की फातिहा होगी।

## राउत नाचा के बीच पिटौरा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज परिक्षेत्र अहिवारा के अन्तर्गत ग्राम पिटौरा गिरहोला में यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। राउत नाचा और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। अध्यक्षता जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने की। विशेष रूप से नटवर लाल ताम्रकार अध्यक्ष नगर पंचायत अहिवारा, सतीष साहू विधायक प्रतिनिधि, लिमन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, चन्द्रकला मनहर जिला पंचायत सदस्य, ठाकुर राम यादव जिला अध्यक्ष, प्रेम सागर चतुर्वेदी, अनुज साहू, पवन जैन आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन पिटौरा सरपंच बरसन नौरंगे, अहिवारा परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेश यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मंगल प्रसाद यादव, अश्वनी यादव, यशपाल , बसंत, सुमित यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## दशहरा मैदान रिसाली में 12 को रावण दहन व लोकरंग की प्रस्तुति



**भिलाई।** आदर्श सांस्कृतिक व क्रीड़ा मंडल द्वारा 42 साल दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। यहां पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही रात्रि में महिलाएं व बालिकाएं गरबा का आनंद ले रही हैं। मनोरंजन के लिए मिनी बाजार भी लगाया गया है। मण्डल के अध्यक्ष शिवराज शर्मा ने बताया कि 11 अक्टूबर की सुबह पूजा अर्चना व हवन होग़ा। दोपहर 1 बजे भंडारा होगा। 12 अक्टूबर को दिन में विसर्जन के बाद संध्या 5 बजे से रामलीला, भव्य आतिशबाजी के बाद रावण, मेघनाथ के पुतले का दहन होग़ा। रात्रि में लोकरंग अर्जुन्दा की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

### विजयादशमी पर्व का आयोजन 12 को

**सेलूद।** ग्राम धौराभांठा में विजयादशमी पर्व का आयोजन इस बार 12 अक्टूबर दिन शनिवार को किया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा का पर्व यादगार पल के रूप में धौराभांठा के इतिहास में दर्ज होगा। मुख्य आयोजक किसान नेता एवं पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग राकेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि राम लीला मंचन के बाद लगातर 2 घंटे तक भव्य आतिशबाजी की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## सांसद विजय ने दिखाई हरी झंडी

# भाजयुमो भिलाई ने निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के आवाहन पर सदस्यता रथयात्रा विभिन्न जिलों में निकाली गई। इसी कड़ी में भाजयुमो जिला भिलाई के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को द्वितीय दिवस वैशाली नगर विधानसभा में सदस्यता रथयात्रा को दुर्ग सांसद विजय बघेल और संगठन के नेताओं द्वारा हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया गया। जो की भेलवा तालाब नेहरू नगर, तेजस आईएएस अकादमी, शंकराचार्य महाविद्यालय, मॉल चौक, सुपेला बाजार सहित विभिन्न वार्डों एवं चौक-चौराहों में युवा मोर्चा के साथियों द्वारा युवा साथियों को "सदस्यता अभियान" के अंतर्गत सदस्यता ग्रहण कराया गया।




### बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी है और भाजपा सरकार केंद्र या राज्य को सभी में एक बात सामान्य है वो है जनकल्याणकारी कार्य करने लगन। भाजपा से जुड़कर देश को और मजबूत बनाने और भारत को विश्वगुरु बनाने में समर्थन देवे। रथयात्रा द्वितीय दिवस हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वालों में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजय शुक्ला, सुपेला मंडल अध्यक्ष रूपराम साहू, वैशालीनगर मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, रथयात्रा प्रभारी सुरेंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख नितेश मिश्रा, तुगेंद्र सिंह, अर्जुन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहन सिंह, तेजस पाल, जिला महामंत्री रितेश ठाकुर, सौरभ जायसवाल, कोषाध्यक्ष मोहनीश काले, जिला मिडिया प्रभारी जयंत शर्मा, कन्या शक्ति संयोजिका संस्कृति वर्मा, अर्पणा मुखर्जी, भाजयुमो सुपेला मंडल अध्यक्ष मनीष पीपरोल, कैम्प मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह, विनय सेन, महामंत्री लोकेश चंद्राकर, अर्पित तिवारी, मनीष साहू, रोमेंद्र साहू, शिव कुमार सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जिला उपाध्यक्ष सौरभ जायसवाल और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रितेश ठाकुर ने किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने दी।

नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

एक केणी जपाकर्णपूरा नग्नाखरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपदोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।




माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है।

सहस्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है। उसे अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है।

इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं।

माँ की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएँ निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ (गदहा) है। ये ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।

CHANANA
TIMBER MERCHANT
Deals in :
Premium Quality Teak Wood, Pine Wood, Beeja, Sal/Sarai, Hard Wood, WPC Frame, WPC Door, Lamination Door, Mica Door & Aluminum Section Etc.



MFG. WWODEN DOORS & WINDOWS
Paanch Rasta, Supela, Bhilai
Mob.: 99812-11787

जगदम्बा डेयरी
स्वीट्स एवं स्नैक्स




जुनवानी रोड, पुष्पक नगर, दुर्ग
मो.: 9826121827, 9977645577

श्री सांई शूज कलेक्शन
जूते, चप्पल एवं पंजाबी जूती की विशाल श्रृंखला




मेनोनाईट चर्च के सामने, जी.ई. रोड, दुर्ग (छ.ग.) मो.: 9302834546



● हरिभूमि के आयोजन में गणमान्यजनों ने की शिकरत, दो दिवसीय गरबा और डांडिया उत्सव में दिखा उत्साह

# प्रतिभागियों ने गरबा व डांडिया में जीते नकद इनाम, विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कार पाकर खिल उठे चेहरे, दो दिवसीय ग्रैंड फिनाले का हुआ समापन

भिलाई। दैनिक हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित दो दिवसीय डांडिया रास गरबा महोत्सव सीजन-9 का सोमवार की देर रात भक्तिमय व उल्लासपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागियों के अलावा काफी संख्या में गरबा खेलने वालों की ज्यादा भीड़ उमड़ी। गरबा खेलने लोग पारंपरिक गुजराती और छत्तीसगढ़ वेशभूषा में शामिल हुए। सभी ने गुजराजी वेशभूषा में गरबा और डांडिया खेलकर मातारानी को प्रसन्न करने का प्रयास किया। हरिभूमि का यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस बार सीजन 9 का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर को किया गया था।



कार्यक्रम में उपस्थित दिव्या भसीन, दीप्ति खुराना, अनु, उषा अग्रवाल, सरोजनी पाणिग्रही, सुमन कन्नौजे, प्रभा गुप्ता, शीखा साहू, पूर्णिमा राजू, अनामिका पटेल, डॉ. सविता ललित मोहन, वेगी पूजा राजेश, संगीता मिश्रा।



विजेताओं को पुरस्कृत करते स्पर्श हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय गोयल व शिंपी गोयल।



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, क्षितिज चंद्राकर, अरविंदर खुराना, लक्ष्मीपति राजू, डॉ. मंडल, सीजू एंथोनी व मनीष सहारन, विजय मंडल।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय।



एसएसआर इन्वेस्ट कंपनी ने अतिथियों को दिया गिफ्ट हेम्पर।



विधायक देवेंद्र यादव की माता पुष्पा यादव का स्वागत करती पूर्णिमा लक्ष्मीपति राजू, हेमलता तिवारी व संगीता मिश्रा।



एचटीसी के डायरेक्टर इंदरजीत सिंह, मलकीत सिंह व अनिल चौधरी का स्वागत करते मनीष सहारन व आलोक तिवारी।



प्रतिभागियों के साथ गरबा करते वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन।

**भिलाई।** सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में आयोजित गरबा के आयोजन के समापन समारोह में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई विधायक देवेंद्र की मां पुष्पा यादव ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, प्रोफशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्षितीज चंद्राकर, ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के इंदरजीत सिंह, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू व पूर्णिमा राजू, सीजू एंथोनी, पूर्व विधायक स्व विद्यारतन भसीन की पुत्री दिव्या भसीन, उद्योगपति अरविंदर व दीप्ती खुराना, अग्रवाल समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल दुर्ग, अधिवक्ता संघ के सचिव वरिष्ठ रविशंकर सिंह, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, उपासना साहू, डॉ मानसी गुलाटी, डॉ सविता ललित मोहन, राजेश टेंट हाउस के संचालक राजेश की पत्नी वेगी पूजा पहुंचे। दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल व पत्नी रजनी बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, ब्रम्हकुमारी आशा बहन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, आकाश इंस्टीट्यूट से निखिलेश शुक्ला, स्टील क्लब के सचिव विजित, कोषाध्यक्ष अजय पांडे, डायरेक्टर जीएस कुमार, आर थॉमस, एमके साहू, मैनेजर शाजी सहित सभी अतिथियों ने भक्तों को नवरात्र पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि परिवार का यह आयोजन पूरी ट्विनसिटी को पसंद है। पूरे शहरवासियों को हर साल इस आयोजन का इंतजार रहता है। लगातार इस आयोजन की भव्यता बढ़ते जा रही है। आयोजन के पहले दिन में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं अभियान की रश्मि अग्रवाल, रौनक जमाल सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### विभिन्न कैटेगिरी में मिला पुरस्कार

कार्यक्रम के दौरान निर्णायक की भूमिका में जया दुबे व कंचन द्विवेदी ने दो दिनों के ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों का चयन कर बेस्ट चौकड़ी, छकड़ी प्लेयर, बेस्ट गरबा मूव्स, बेस्ट डाकला प्लेयर, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट गरबा कपल, हाई फीवर ऑफ गरबा सहित बच्चों को भी विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि पत्रकार संगीता मिश्रा ने किया।

## पारंपरिक गुजराती ड्रेस और छत्तीसगढ़ी व दक्षिण भारतीय वेशभूषा में किया समूह गरबा



विजेताओं को पुरस्कार देते टॉप शूज सेक्टर-6 ए मार्केट संचालक अतुल महाजन।




लाल फूल, पीला फूल, हरिभूमि ब्यूटीफूल के टैग लाइन के साथ प्रतिभागी।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान स्पर्श सुपरमल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पीटल रामनगर के डायरेक्टर, डॉ संजय गोयल व शिंपी गोयल, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ सांवत, कमला मेडिकल के संचालक संजय खंडेलवाल, आरोग्यम हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ मंडल, अतुल महाजन टॉप शूज सेक्टर 6 ए मार्केट, अनू सिंह अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, संजना कुकरेजा श्री सज्या बुटिक आकाशगंगा सुपेला, सूरज लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग, प्रभा व गणेश गुप्ता संस्कार बुटिक सेक्टर 7, रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी अध्यक्ष रमेश पटेल व अनामिका पटेल, अनुपमा व सुरेश सोनी अन्नू ब्यूटी क्लीनिक प्रगति नगर रिसाली, चेंबर ऑफ कामर्स महिला विंग अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही, महामंत्री सुमन कन्नौजे, वैष्णव समाज से रीता व अरविंद वैष्णव, माया अधिकारी, मनोरमा, कोकिला आशीष योना, हरिभूमि के ब्रांच हेड मनीष सहारन, ब्यूरो चीफ आलोक तिवारी, मार्केटिंग मैनेजर विजय मंडल, वरिष्ठ पत्रकार देवीलाल साहू व संगीता मिश्रा, फोटोग्राफर संजय पांडे, ऑफिस बॉय शशिकांत, राजू डोरा, पिंकी चौधरी वंदना व राजेश सोनी सहित अन्य गणमान्य जनों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।



मुकेश चंद्राकर का स्वागत।



डॉ. दीपक वर्मा का स्वागत करते हुए।



सेक्टर-8 स्टील क्लब के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए।



वरिष्ठ साहित्यकार रौनक व जरिना जमाल का स्वागत।

## सिटी इवेंट

### 10वीं और 12वीं के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान होगा 13 को

**भिलाई।** इकरा टीचर्स एसोसिएशन भिलाई की ओर से 10वीं और 12वीं के इम्तिहान में कामयाबी हासिल करने वाले बच्चों की हौसला अफजाई के लिए कार्यक्रम का आयोजन 13 अक्टूबर 2024, बरोज इतवार सुबह 10 बजे से मुस्लिम कम्युनिटी हॉल, जामा मस्जिद सड़क नं. 1, सेक्टर-6, भिलाई में रखा गया है। एसोसिएशन के इस 15 वें सालाना आयोजन में मेहमाने खुसूसी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में केमिस्ट्री के प्रोफेसर डॉ. शम्स परवेज होंगे। वहीं मेहमाने अज़ीजी भिलाई स्टील प्लांट में पदस्थ अफसर मजहर अनीस, समी अख्तर फारुकी, प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ और मध्यप्रदेश शासन में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रहे डॉ. आर.ए. सिद्दीकी, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी क्यू.ए.खान, सादिया फारूकी प्रिंसिपल डी.पी.एस जूनियर,प्रोफेसर हाजी अयाज अहमद बीआईटी दुर्ग, रिटायर बीएसपी अफसर शमशुज्जुहा खान और शाहिद अख्तर रायपुर होंगे। निजामत रौनक जमाल करेंगे। यह आयोजन समीना फारुकी की सरपरस्ती और आर्किटेक्ट फखरुद्दीन फारुक़ी की सदारत में होगा। इस आयोजन में अंचल के ऐसे प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने सत्र 2023-24 मे 10वीं और 12वीं के इम्तिहान में 70 फीसदी या उससे सर्वोच्च अंक हासिल किए हैं। इकरा टीचर्स एसोसिएशन की ओर से विगत 15 सालों से मुस्लिम समुदाय के वंचित और जरूरतमंद बच्चों की तालीम के लिए खर्च वहन किया जा रहा है। आयोजन में ऐसे बच्चे भी मौजूद रहेंगे, जिन्होंने एसोसिएशन की इमदाद से अपनी पढ़ाई पूरी की और अब विभिन्न संस्थानों में पदस्थ हैं। आयोजन की तैयारी में एसोसिएशन की ओर से यास्मिन नाज, ए.यू. खान, शेख जाफर, सैय्यद जाफर, शायना परवीन, शकील अहमद खान, गौसुल वरा खान आदि मौजूद थे।

## केरला कल्चरल एसोसिएशन ने मनाया रजत जयंती

# रजत जयंती और ओणम उत्सव में दिखी केरल की झलक, पारंपरिक भोजन का लिया स्वाद

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** बोरसी केरला कल्चरल एसोसिएशन (बीकेसीए) द्वारा अपनी रजत जयंती और ओणम उत्सव धूमधाम से मनाया, जो बोरसी क्षेत्र में मलयाली समुदाय के लिए एक यादगार अवसर रहा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में केरल की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की रंगारंग झलक प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम की शुरुआत रंगीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों और एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत और अन्य कलात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया।



### केरल से अतिथि रहे उपस्थित

इस अवसर के मुख्य अतिथि रेव. फादर साजी जॉर्ज, बीकेसीए के संस्थापक और पहले अध्यक्ष, केरल से विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग चार सौ सदस्य सांस्कृतिक शाम में शामिल हुए, जिसके अंत में एसोसिएशन की रजत जयंती स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष से ऊपर के पूर्व कार्यकारी सदस्यों का सम्मान किया गया, साथ ही 2010-2011 की कार्यकारी समिति का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने बीकेसीए के स्थायी कार्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर बीकेसीए के अध्यक्ष जोसेफ चाको ने स्वागत भाषण दिया। अपने भाषण में, उन्होंने सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और पिछले 25 वर्षों की समितियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भिलाई-दुर्ग क्षेत्र में पिछले 7 से 8 दशकों से मलयाली समुदाय द्वारा इस क्षेत्र मे किए गए योगदान और समर्पण को भी रेखांकित किया।

### पारंपरिक शैली में परोसा सद्या

बीकेसीए ने पारंपरिक केरल भोज, ओणम सद्या (भोज) का आयोजन किया। यह भोज केले के पत्तों पर पारंपरिक शैली में परोसा गया, जिसमें अवियल, इंजी करी, मांगा करी, पचड़ी, तोरन, अडाप्रदामन, खीर, मोरु करी, पप्पडम और अन्य स्वादिष्ट केरल व्यंजनों का आनंद लिया गया। दीप प्रज्वलन और पूजा के बाद यह भोज आरंभ हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोगों को एक पारंपरिक भोजन का अनुभव प्राप्त हुआ। ओणम सद्या में दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने भी शिरकत की, जिन्होंने ओणम के अवसर पर मलयाली समुदाय को अपनी शुभकामनाएं दीं। उनका स्वागत जोसेफ चाको और बीकेसीए की कार्यकारिणी समिति ने किया। भोज में लगभग 700 सदस्य शामिल हुए और पारंपरिक केरल व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।

रजत जयंती और ओणम उत्सव कार्यक्रम में जोसफ चाको अध्यक्ष, मुकुंदन नायर महासचिव, विनोद नायर कोषाध्यक्ष, के जी मुरलीधरन सचिव, सजी ईप्पन उपाध्यक्ष और अन्य समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

## खबर संक्षेप




### आईएमए ने जूनियर डॉक्टर एसो. का किया गठन

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य में चिकित्सकों की समस्याओं, उनके साथ आए दिन होने वाले दुर्व्यवहार की घटनाएं, मारपीट, तोड़फोड़ से परेशान एवं इसे रोकने के लिए आईएमए छत्तीसगढ़ की पहल पर राज्य में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का गठन किया गया है। आईएमए दुर्ग-भिलाई के वरिष्ठ चिकित्सकों, छत्तीसगढ़ आईएमए के पदाधिकारियों एवं श्री शंकरा मेडिकल कॉलेज, सीसीएस मेडिकल कॉलेज से जूनियर डॉक्टर के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर दुर्ग-भिलाई के साथ-साथ राज्य के हर मेडिकल कॉलेज में इसके गठन पर सहमति बनी। आईएमए दुर्ग शाखा के अध्यक्ष डॉ राजू भैंसारे ने बताया कि यह पहल पूरे देश में पहली बार छत्तीसगढ़ आईएमए द्वारा की गई है। आईएमए के चिकित्सकों के साथ जूनियर डॉक्टर मिलकर हर समस्या से निदान पाने की कोशिश करेंगे। इस परिपेक्ष में आईएमए छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ विनोद तिवारी, सचिव डॉ नितिन जुनेजा एवं अन्य पदाधिकारी बिलासपुर से पहुंचे। आईएमए छत्तीसगढ़ के कई भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ एसपी सक्सैना, डॉ अहमद हमदानी, डॉ सुधीर शुक्ला, डॉ शरद पाटणकर, डॉ अजय गोवर्धन एवं प्रेसिडेंट इलेक्ट 2025 डॉ प्रभात पांडे सचिव आईएमए दुर्ग डॉ संतोष नशीने, डॉ राजीव पाल, डॉ दीपक वर्मा, डॉ राजीव चंद्राकर तथा डॉ जी एच राजपाल विशेष रूप से उपस्थित थे। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन से डॉ पुष्पेंद्र सिंह एवं अन्य प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

### विधायक ने 10 हजार सदस्य बनाने लक्ष्य पूरा किया



दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रही सदस्यता अभियान चल रही है। इसी के तहत विधायक गजेंद्र यादव ने 10 हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूर्ण कर चुके हैं। इसके लिए उन्होंने जनता और कार्यकर्त्ताओ का आभार माना हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बनवाते हुए विधानसभा में 46912 से अधिक सदस्य बनवा चुके है। उन्होंने समस्त कार्यकर्त्ताओ से अपील किये है कि, 15 अक्टूबर तक अभियान के तहत सदस्य बनाने कार्य करते रहे। अभियान को लेकर विधायक श्री यादव स्वयं मैदान में उतरकर कार्यकर्त्ताओ का उत्साहवर्धन कर रहे है। विधायक ने क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड, कातुलबोर्ड, पोटिया, बोरसी कॉलोनी, सुभाष नगर, सिंधी कॉलोनी, बघेरा, ग्रीन चौक, विद्युत नगर, पद्मनाभपुर, पुलगांव, शक्तिनगर, नयापारा, गयानगर, उरला, इंदिरा मार्केट, शीतला सब्जी मंडी, गणपति विहार, मीनाक्षी नगर एवं व्यापारीगण एवं प्रतिष्ठानो में पहुंचकर नागरिकों से संपर्क कर भाजपा से जुड़ने की अपील करते हुए स्वयं ही अपने रेफरल कोड से भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवा रहे है।

# सत्तीचौरा में महाआरती, प्रसादी और आतिशबाजी, मेले का भी उठा रहे लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नवरात्र पर चहुं ओर माता की सेवा से लेकर गरबा का आयोजन किया जा रहा है। नव दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के रंग में दुर्गवासी रंग गए है। शहर के विभिन्न स्थानों और अंचलों में शाम होते ही मां की सेवा और गरबा की धुन से शहरवासियों में जमकर उत्साह हैं।

शहर में पिछले लंबे समय से श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग में क्वांर नवरात्र पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यहां पंचमी के अवसर पर प्रतिदिन विशाल आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंचमी के अवसर पर अभिषेक पूजन महाआरती का भव्य आयोजन किया गया, वही मेले का भी श्रध्दालु लुत्फ उठा रहे है। पूरे प्रदेश में ख्याती प्राप्त दुर्गा समिति सत्तीचौरा में हर साल की तरह इस वर्ष भी क्वांर नवरात्र पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें पंचमी के अवसर पर प्रातः 9 बजे माता जी का अभिषेक किया गया। दोपहर 12 बजे 108 कन्या माताओं का कन्या पूजन कन्या भोज कराया गया। पूरे 9 दिवस कन्या भोज कराया जाता है, जिसमें समाज सेविका पायल जैन, नवकार परिसर द्वारा सभी 4 कन्या माताओं को उपहार सामग्री वितरण किया जाता है। पंचमी के अवसर पर संध्या 7 बजे दुर्गा पंडाल में 108 पूजा थाल एवम 108 दीपो की आरती से माता जी की महाआरती की गई। आरती में माता जी का दर्शन करने आए हुए सभी भक्तों ने अपने हाथों में पूजा थाल लेकर माता जी की आरती की गई।

## नवरात्र के नौ दिन नौ कन्याओं की कर रहे सेवा, बड़ी संख्या में पहुंच रहे शहरवासी



### आतिशबाजी और भजनों की प्रस्तुति

सत्तीचौरा मंदिर में सोमवार को देर रात्रि तक आकर्षित आतिशबाजी की गई। मन्दिर परिसर में समिति के सदस्य गण, धर्मप्रेमी एवं उपस्थित जन मधुर भजनों के संग नाचते गाते रहे। रात्रि 10 बजे समिति की सभी महिला एवम बालिकाओं ने माता जी के दरबार में गरबा किया। कार्यक्रम में अशोक राठी, महेश टावरी, प्रवीण भूतड़ा, दीपक चावड़ा, राजेश शर्मा, योगेन्द्र शर्मा बंटी, नरेंद्र गुप्ता, मनोज टावरी, सुरेश गुप्ता, गुड्डू कश्यप पायल जैन, डा मानसी गुलाटी, राहुल शर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।



## रियल एस्टेट: टारगेट के मुकाबले छह माह में ही पचास फीसदी राजस्व के करीब

# पितर पक्ष के बाद रजिस्ट्रियां दोगुनी दुर्ग में ही 18 करोड़ से ज्यादा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पितर पक्ष के बीच पखवाडेभर तक रियल स्टेट कारोबार में छाई मंदी नवरात्र में छट गई हैं। रजिस्ट्री की संख्या जहां दुगूनी हो गई है, वहीं अफसरों को अप्वाइंटमेंट आगामी दिनों के लिए मुकर्रर करनी पड रही है। माना जा रहा है कि, आने वाले दिनों में रियल स्टेट कारोबार दीपावली के चलते एक बार फिर बूम करेगी। वर्तमान में सबसे ज्यादा कारोबार दुर्ग शहर में हो रहा है। यहां पिछले साल के मुकाबले 18 करोड रूपए की अधिक रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं।

पिछले साल मार्च माह तक टारगेट के मुकाबले 77 फीसदी राजस्व मिला था। लेकिन इस बार छः माह में ही पचास फीसदी के करीब राजस्व का आंकडा पहुंच गया है। जानकारी अनुसार दुर्ग जिला पंजीयक में तीन उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री की जाती है। प्रत्येक उप पंजीयक को एक दिन में करीब 55 रजिस्ट्री करने अप्वाइंटमेंट लिया जाता है। पितर पक्ष के बाद रजिस्ट्री की संख्या तीनों उप पंजीयक कार्यालय में बढ गई। जिससे निर्धारित 55 का स्लैब बढने से अधिकारियों को दूसरे दिन रजिस्ट्री की तारीख देनी पड रही है। इस बार जिला पंजीयक को 385 करोड रूपए का टारगेट दिया गया है, जिसमें अप्रैल माह से सितंबर तक दुर्ग, पाटन और धमधा से 181 करोड रूपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा दुर्ग में 148 करोड 49 लाख 92 हजार के कारोबार से राजस्व मिला है, जबकि पिछले साल यहां इसी अवधि में सिर्फ 130 करोड का राजस्व मिला था। बात करे पाटन की तो यहां पिछले साल से दो करोड की अधिक आमदनी और धमधा में भी 60 करोड अधिक का राजस्व मिला है।

## रजिस्ट्री में तेजी के चलते स्लैब का कोटा फूल, टल रही तारीख



### टारगेट में भी किया गया भारी इजाफा

जिला पंजीयक को पिछले साल राज्य शासन 360 करोड का टारगेट दिया गया था। लेकिन इस बार शासन ने इसे बढाकर 385 करोड रूपए कर दिया है। हांलाकि महज छः माह में ही पंजीयक को 50 फीसदी के करीब राजस्व प्राप्त हो चुका है। वही वर्ष 2022 में टारगेट 308 करोड रूपए था। बहरहाल टारगेट में सीधे 25 करोड का इजाफा करने से अफसरों के भी होश उडे है। हांलाकि तीस फीसदी छूट समाप्त करने के कारण राजस्व प्राप्त करने में कोई परेशानी भी नही होगी।

### दीपावली में तेजी के संकेत

हर साल नवंबर और दिसंबर माह में अधिक रजिस्ट्रियां दर्ज की जाती है। यह सिलसिला पितर पक्ष के बाद शुरू हो जाता है, जिसके बाद तेजी का सिलसिला होली तक बना रहता है। लेकिन टारगेट की भरपाई नवंबर और दिसंबर में ही मुख्य होता है। बहरहाल आने वाले दिनों में रियल स्टेट कारोबार में और भी तेजी आएंगे। जानकारो की माने तो भारतमाला परियोजना में भी इन्वेस्टर प्रोजेक्ट लांच करने की तैयारी में है। इसके आलावा रायपुर से लगे पाटन के अमलेश्वर में इलाको में अधिक रजिस्ट्री हो रही हे। भिलाई और दुर्ग में बिल्डर कालोनी डेव्लप कर रहे है।

### बढ़ी है संख्या

पितर के बाद रजिस्ट्री की संख्या बढी है। दुर्ग शहर में ही 48 फीसदी रजिस्ट्री हुई है। इस तरह छ: माह में 47 फीसदी राजस्व प्राप्त हुआ है।
-प्रियंका श्रीरंगे, जिला पंजीयक, दुर्ग

# परमिशन के नाम पर काट रहे आवेदक दफ्तरों के चक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नवरात्र सहित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए परमिशन लेना आवेदको के लिए चुनौती बन गई है। सीएसपी से लेकर थाना फिर नगरनिगम से लेकर जिला मुख्यालय तक चक्कर कांटकर आवेदन हालाकान हो गए है। उतर से अधिकारी अपनी व्यवस्तता बताकर कन्नी कांट रहे है। हालात यह हैं कि, परमिशन के चक्कर में कई कार्यक्रम की तिथि तक निकल चुकी है।

■ पर्व के बीच कार्यक्रम छोड़ दफ्तरों के चक्कर काट रहे

जानकारी अनुसार कोर्ट के सक्ती के बाद कार्यक्रम के संचालको को परमिशन लेना जरूरी हो गया है। वर्तमान में नवरात्र के चलते गरबा व संगीत कार्यक्रम के लिए बडी संख्या में कार्यक्रम हो रहे है। इसके लिए संबंधित ब्लाक के एसडीएम को परमिशन के लिए अधिकृत किया गया है। जानकारी अनुसार छावनी एसडीएम के पास ही इन दिनों सौ से अधिक आवेदन आ चुके है। इस बार परमिशन के लिए फार्मेट निर्धारित किया है, जिसमें शर्तो का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इस फार्मेट के जरिए आवेदन करने के बाद आवेदक को सीएसपी से वैरीफाइ करानी होगी, वहां से फिर थाने लेकर आवेदक को ही फार्म लेकर जाना होगा। थाने के बाद फिर नगरनिगम एनओसी लेने कहा जा रहा है। नगरनिगम से एनओसी के बाद यह भी देखा जा रहा है कि, जहां कार्यक्रम हो रहा हैं, वही की अनुमति है या नही। हांलाकि नियम जरूरी भी है। लेकिन इस बार अधिकारियों की व्यवस्त्ता से पूरा कार्यक्रम धरी की धरी रह जा रही है।

### वकील ने कलेक्टर से की शिकायत

जिला अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से शिकायत की है। जिसमें उन्होने बताया कि, छावनी एसडीएम ज्यादातर उपस्थित नही रहते है। जिसके चलते परमिशन में समस्या हो रही है। उन्होने यहां तक बताया कि, पेशी भी कोर्ट को छोड दूसरे जगह निपटारा कर रहे हैं। वकील रविशंकर सिंह ने बताया कि, परमिशन में देरी से आवेदक परेशान हो रहे है। उन्होने इसकी शिकायत कलेक्टर और एडीएम अरविंद एक्का से भी की है।

### जमीन दूसरे के नाम पर चढ़ाई, दो साल से परेशान

दुर्ग। राजस्व विभाग के घोर लापरवाही सामने आई है। जिसमें एक बुजूर्ग की जमीन को पास के ही जमीन मालिक के नाम में चढा दिया गया है। परेशान बुजूर्ग पिछले दो साल से तहसीलदार का चक्कर कांटते हुए परेशान हो गए हैं। दिनेश कुमार सोनी 65 वर्ष वार्ड क्र. 57 उरला निवासी किसान है। उन्होने बताया कि, शामिलान खाते की हक की भूमि मौजा उरला तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नं 101/2 रकबा ०.२१७ आनलाईन दर्ज है। जिसे रिकार्ड वर्ष २०२१-२२ को पुस्तिका दुलारी बाई पति मीतनलाल सारथी के नाम से दर्ज कर दिया गया है। जिसे सुधार हेतु आवेदन नायब तहसीलदार का चक्कर कांट रहा हूं। अफसरों द्वारा आनलाइन एंट्री में लापरवाही की गई।

## भाजपा की हरियाणा जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हरियाणा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विजय एवं लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर दीपक नगर वार्ड नंबर 23 भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर एवं मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। भाजपा के इस जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। ओपिनियन पोल के तमाम अनुमानों को झूठलाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में अपने अथक प्रयासों से पुनः सरकार बनाई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय जलकारे, ओम प्रकाश सोनी, बूथ अध्यक्ष हरीश साहू, बूथ अध्यक्ष शत्रुघ्न निर्मलकर, विशाल राजपूत, केदार पटेल, विनोद नागवंशी, प्रेम पटेल, सोनित, छोटू जैन, भोला उमरे, बुधनतीं निर्मलकर, द्रौपदी निर्मलकर, चंपा बाई, देवकी उमरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ पटाखा फोड़कर एक दूसरे को दी बधाइयां

## टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायादारों के घरों के काटे जा रहे नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बार-बार टैक्स वसूली की अपील करने के बाद भी टैक्स नहीं देने वाले पर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ 3 मकानों के काटे गए नल कनेक्शन

टैक्स वसूली के लिए निगम ने पूरी तरीके से अभियान छेड़ दिया है। अब टैक्स वसूली अवकाश के दिनों में भी की जा रही है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व वसूली के लिए इसके निर्देश दिए हैं ताकि वसूली में तेजी आए।

अवकाश के दिनों में ज्यादातर लोग जो सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मचारी होते हैं। वे घरों पर मिलते हैं इसी मंशा से अवकाश के दिनों में भी वसूली की जा रही है। राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी शनिवार अवकाश तथा रविवार



अवकाश को भी टैक्स वसूली के लिए दुकानों, मकानों एवं प्रतिष्ठानों में टेबल लगाकर वसूली किया गया। इधर टैक्स नहीं देने वाले बकायेदारों के पर कार्यवाही करना निगम ने शुरू कर दिया है।

सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि आज जल कर वसूलने के लिए अभियान शुरू किया गया है। जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर एवं राजस्व विभाग अमले के साथ पहुंचे। उन्होंने वार्डो में टीम के साथ जाकर कार्रवाही के साथ जल कर नहीं जमा करने पर मौके पर ही नल कनेक्शन काटे जा रहे है। उन्होंने बताया कि आज टैक्स व जलकर जमा नहीं करने वाले 3 लोगों के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की है। वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 56 का निरीक्षण किया गया। इसमें लम्बे अवधि से टैक्स का भुगतान नही करने वाले वार्ड 56 के करदाता से डोर-टू-डोर जाकर नल कनेक्शन काटने की चेतवानी दी गई।

जिसमे 3 मकानों के नल कनेक्शन काटा गया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर के द्वारा प्रत्येक सप्ताह को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बैठक टैक्स वसूली को लेकर की जा रही है। वित्तीय वर्ष के करदाता से नगर निगम की अपील है कि वे शीघ्र अति शीघ्र अपना टैक्स जमा कर दें। टैक्स वसूली के लिए निगम ने टीम का गठन कर दिया है।

विनम्र श्रद्धांजलि शोक संदेश



जन्मतिथि 05/01/1974
स्व. ओमनारायण यादव

विधि के विधान के आगे नतमस्तक करते हुए आपको सूचित किया जाता है कि मेरे सुपुत्र ओमनारायण यादव (ओजेश) का निधन दिनांक 29.09.2024 दिन-रविवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 30.09.2024 दिन-सोमवार को हुआ।

कार्यक्रम
दशगात्र : दि. 09.10.2024, दिन-बुधवार
स्थान : ग्राम-परेवाडीह (उतई से पूर्व की ओर 5 कि.मी.)
तालाब कार्यक्रम सुबह 12 बजे सम्पन्न होगा

शोकाकुल परिवार :-
नितेश, योगेश, सनिझ, मयंक, अदिति, स्वीटी एवं समस्त यादव परिवार

विनीत :-
श्रीमती मोंगरा यादव (माँ), श्रीमती अंजनी यादव (पत्नि)
डॉ. भागवत प्रसाद यादव-श्रीमती माधुरी यादव(चाचा-चाची)
मो.: 99268 46456

जिन स्नेही सज्जनों को सूचना ना मिली हो कृपया इसे ही सूचना जानें

# महिलाओं से कार्यस्थल में अभद्र व्यवहार कलेक्टर से की गई लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला मुक्ति मोर्चा, मजदूर कार्यकर्ता समिति के नेतृत्व में दुर्ग जिले के नगरीय निकायों में कार्यरत महिला सफ़ाई ठेका कामगारों के साथ कार्यस्थल पर अभद्र और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने की शिकायत जिलाधीश दुर्ग से की गई। महिला मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों को लगातर शिकायत मिल रहीं थीं कि, सफ़ाई ठेका महिलाओं के साथ सुपरवाइज़र और जोनल द्वारा कार्य के दौरान बहुत ही अभद्र भाषा से बात किया जाता हैं। जिसे महिलाओं किसी के समक्ष बोल भी नहीं सकती। जबकि विशाखा गाईड लाइन के अनुसार कार्यस्थल पर किसी भी महिला के साथ अभद्र व्यवहार करना गंभीर अपराध की श्रेणी में हैं। लगातार इस प्रकार की मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहीं कामगार महिलाओं ने इस बात को लेकर लिखित मांग ज्ञापन जिलाधीश को देकर अपनी वेदना रखी, जिस पर जिलाधीश ने इस पर कार्यवाही करने का अश्वासन दिया हैं। महिला मुक्ति मोर्चा ने आगे इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग से करने की भी बात कही हैं। महिला मुक्ति मोर्चा की नीरा डेहरिया ने कहा कि, तमाम नगरीय निकायों में विशाखा गाईड लाइन का सख्ती से पालन हो और ऐसे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने आगे बताया की महिला कामगारों की दोहरी जिम्मेदारी होती हैं एक तरफ अपने के लिए घर के काम को व्यवस्थित करना ओर दूसरी तरफ अपने जीवन के लिए सुबह काम पर आकर आम जनता के बेहतर स्वास्थ्य हेतु सडकों नालियों की सफ़ाई करना, इसलिए इन मांगों पर गंभीरता से पहल होनी चाहिए। मौके पर नीरा डेहरिया, रचना डेहरिया, पुष्पा बारले, वेलांगनी, लुर्दमेरी, खेमीन साहू, कल्पना, आदी लक्ष्मी, रुक्मणी, मोतम, मरीयम्मा मनेश्वरी, अन्नू, शोभा, कुन्ती, ऊर्मीलाकुंज बाई, सुखवंतीन, रूखमनी आदि शामिल थे।

■ अश्लील भाषा का इस्तेमाल की शिकायत



### युवा मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत युवा मोर्चा द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विनायकपुर, आलबरस, निकुम और थानौद में सदस्यता अभियान चलाया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा के पांचवें दिन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। मुख्य रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी युवा मोर्चा भूपेंद्र नाग, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, माया बेलचंदन, रथ यात्रा प्रभारी आकाश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, उपाध्यक्ष मुकेश बेलचंदन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, मुकेश माडंले,मनीष पुनाचा, सानिध्य चंद्राकार, चिंटू यादव, विक्रम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

आम सूचना

मै अपने पक्षकार राजकुमार चुघ, पिता श्री के.एल. चुघ निवासी होटल मेघदूत हमिदिया रोड, हुजुर भोपाल, मध्यप्रदेश से प्राप्त अधिकार व निर्देश पर आम जनता को यह सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता (भूमि स्वामी) कामता प्रसाद शुक्ला आ. स्व. श्रीराम नारायण शुक्ला निवासी मकान नं. 258/44 मिशीर गली ब्राम्हण पारा आर.के प्रोविजन के सामने रायपुर जिला रायपुर से उनके हक स्वामित्व व कब्जे का पक्का मकान जो मौजा कसारीडीह आदर्श नगर तहसील व जिला दुर्ग स्थित प०ह०नं० 18/25 खसरा नं. 775/14 रकबा 3000 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर विक्रेता कामता प्रसाद शुक्ला को अग्रिम ब्याना राशि चेक के जरिये मेरे पक्षकार ने प्रदान कर दिया है और शीघ्र ही विक्रय पत्र का निष्पादन होने वाला है। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी भी कंपनी, फर्म, साहूकार, वित्तीय संस्थान, बैंक, व्यक्ति, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार का क्लेम दावा, उजर आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज सहित नीचे दर्शित अधिवक्ता के कार्यालय पते पर दे देवें। समयबाद की गई आपत्ति मान्य नही होगी और उपरोक्त समय पश्चात मेरा पक्षकार उक्त जमीन (मकान) को क्रय कर लेगा।
तदानुसार सूचना जाने।
दिनांक 07/10/2024
अभिषेक वैष्णव
अधिवक्ता
वार्ड नं. 30, तमेरपारा
स्टेशन रोड दुर्ग जिला दुर्ग
छ.ग. मो. नं. 9584668000

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग छ.ग.
-:: शपथपत्र ::-

मैं शपथकर्ती रीता चन्द्राकर, RITA CHANDRAKAR उम्र 46 वर्ष, पति श्री नूतन कुमार चन्द्राकर, निवासी- सड़क नंबर-8-ए. कल्यानी मंदिर के पास, न्यू आदर्श नगर, दुर्ग तह. एवं जिला दुर्ग, छ.ग. की रहने वाली हूं जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं :-
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि. मेरे आधार नंबर-6818 2458 5831 एवं पेन नंबर-AKHPC3463G तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रीता चन्द्राकर, RITA CHANDRAKAR दर्ज है, जो कि सही व सत्य है।
3. यह कि. मेरे कॉलेज के अंकसूची एवं दस्तावेजों में मेरा नाम अंग्रेजी में REETA CHANDRAKER दर्ज है। जबकि मेरा पूरा एवं सही नाम रीता चन्द्राकर, RITA CHANDRAKAR है।
4. यह कि. REETA CHANDRAKER एवं रीता चन्द्राकर, RITA CHANDRAKAR एक ही व्यक्ति / महिला का नाम है, अन्य किसी व्यक्ति/महिला का नाम नहीं है।
5. यह कि रीता चन्द्राकर, RITA CHANDRAKAR के नाम से जाने व पहचाने एवं कॉलेज के समस्त दस्तावेजों में इसी नाम को दर्ज कराने हेतु शपथपत्र श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।
दुर्ग, दिनांक:- 06/10/2024
शपथकर्ती
RITA CHANDRAKAR

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग छ.ग.
-:: शपथपत्र ::-

मै शपथकर्ता नूतन कुमार चन्द्राकर, NOOTAN KUMAR CHANDRAKAR उम्र 53 वर्ष, पिता स्व. महादेव प्रसाद चन्द्राकर, निवासी सड़क नंबर-8-ए. कल्यानी मंदिर के पास, न्यू आदर्श नगर, दुर्ग तह. एवं जिला दुर्ग, छ.ग. का रहने वाला हूं जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं:-
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे आधार नंबर-9343 6540 9669 एवं पेन नंबर-AKHPC3378A तथा अन्य स्कूली दस्तावेजों में मेरा नाम नूतन कुमार चन्द्राकर. NOOTAN KUMAR CHANDRAKAR दर्ज है, जो कि सही व सत्य है।
3. यह कि, मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नूतन कुमार में अंग्रेजी में त्रुटिवश नूतन कुमार चन्द्राकर NOOTAN MUMAR CHANDRAKAR दर्ज है। जिसे सुधार कर अंग्रेजी में मेरा नाम MUMAR को सही करके KUMAR दर्ज कराना चाहता हूं।
4 यह कि NOOTAN KUMAR CHANDRAKAR एवं NOOTAN MUMAR CHANDRAKAR एक ही व्यक्ति का नाम है, अन्य किसी व्यक्ति का नाम नहीं है।
5. यह कि, पासपोर्ट में मेरा पूरा एवं सही नाम NOOTAN KUMAR CHANDRAKAR दर्ज कराने हेतु शपथपत्र श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।
दुर्ग, दिनांक 08/10/2024
शपथकर्ता
NOOTAN KUMAR CHANDRAKAR


## खबर संक्षेप

### दुर्गा समितियों की हुई बैठक

**उतई।** नगर पंचायत उतई के सभागार में नगर उत्सव समिति एवं नगर के सभी दुर्गा समितियो की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मिति से शाम 5 बजे तक प्रतिमा विसर्जन करने का निर्णय लिया गया और संध्या 6 बजे से दशहरा उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया । पुलिस थाना प्रभारी विपिन रंगारी विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाने आदेशित किया।

## निधन

### दुर्गा राम देशमुख



**भिलाई।** ग्राम आलबरस निवासी दुर्गा राम देशमुख उम्र 87 वर्ष का निधन 8 अक्टूबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे आलबरस में किया जाएगा। वे टीपी देशमुख, सीडी देशमुख और जयंती देशमुख के पिता थे।

### मनोज बेलचंदन



**निकुम।** ग्राम निकुम निवासी मनोज बेलचंदन उम्र 30 वर्ष का निधन 7 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वे निकुम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी बेलंचदन व गिरधर बेलचंदन के पुत्र थे।

### उर्मिला मिश्रा



**भिलाई।** हरिओम कुटीर, तितुरडीह, आदित्य नगर पानी टंकी के पास दुर्ग निवासी उर्मिला मिश्रा का निधन 8 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. निरंजन प्रसाद की पत्नी एवं दिनेश, महेश की मां और शिवम् मिश्रा की दादी थीं।

## युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच अहिवारा का नवरात्रि पर विविध आयोजन

# भक्तों ने बाजे-गाजे के साथ चुनरी यात्रा निकालकर शीतला मंदिर में किया अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

### कलकत्ता से आये काला जादू, 21 दुर्गा माता स्वरूप व बाबा अघोरी की प्रस्तुति रही खास





युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच अहिवारा द्वारा भव्य चुनरी यात्रा आठवां वर्ष शनिवार को शाम 5 बजे वार्ड क्रं. 12, नंदिनी नगर भगवती शिवराम मंदिर में समिति के संरक्षक संतोष ताम्रकार, हृदेश चंदेल, प्रदेश अध्यक्ष आनंद ताम्रकार, अध्यक्ष राहुल चंदेल, आदित्य ताम्रकार, रौनक ताम्रकार, साहिल खान द्वारा मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना पं. योगेश पांडे द्वारा करवा कर भव्य चुनरी यात्रा प्रारंभ किया गया।

यात्रा की अगवानी अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक राजमहंत सांवला राम डाहरे, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, मंडल अध्यक्ष लिमन साहू, जेवरा सिरसा अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, महामंत्री संजय पाण्डेय, अनुज साहू एवं अतिथियों के द्वारा किया गया। भक्तों द्वारा माता दुर्गा की जयकारा लगाते हुए चुनरी यात्रा प्रारंभ किया गया। 21 मीटर लम्बी चुनरी को भक्तों ने पकड़ कर यात्रा को आगे बढ़ाया। जहां नंदिनी टाउनशीप मार्केट में वाराणसी उत्तर प्रदेश के अघोरी द्वारा चिता-मसान पूजा, मसान की महाकाली का लहू पूजा किया गया। अहिवारा पहुंचते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी अहिवारा बस स्टेंट में पश्चिम बंगाल से आए देवी द्वारा काला जाद का पूरा खेल की प्रस्तुति किया गया। मां दुर्गा के अलग-अलग अवतार में विशेष दुर्गा मईया के 21 स्वरूप भिलाई सुमन डांस ग्रुप के टीम द्वारा अद्भुत प्रस्तुति दिया जिसमें खप्पर नृत्य, नीम-दौना, जवांरा नृत्य, मां दुर्गा तांडव और अन्य प्रस्तुति किया गया। युवा जागृति दुर्गाउत्सव समिति द्वारा चुनरी लेकर चलते हुए माता बहनों का आरती उतार कर स्वागत किया गया। सभी भक्तों ने गौरी कृपा ग्रुप धुमाल के साथ नृत्य किये सभी भक्ति में डुब गए कई भक्तों के ऊपर देवता सवार हो चुका था जिसे पूजा अर्चना कराकर शांत कराया गया। भक्तों ने पूरे यात्रा का काफी आनंद उठाया और खूब प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में आयोजक आनंद ताम्रकार, राहुल चंदेल, आदित्य ताम्रकार, साहिल खान, रौनक ताम्रकार, सौम्या मिर्चे, सोहिल खान, करण साहू, प्रीतम यादब, ऋषि मुदलियार, राजू यादव, महावीर, राहुल साहू, साहिल साहू, गीतेश देवांगन, देव मानिकपुरी, शीतल राजपूत, डिगेश वर्मा, दिनेश साहू, शुभम साहू, आशीष कोसरे, अमन शर्मा, राहुल निर्मलकर, राहुल बंजारे, रामजी निर्मलकर, शिवशंकर कश्यप, जितेन्द्र यादव, योगेश साहू, उज्जवल साहू, दिनेश साहू एंव पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

उक्त चुनरी को संरक्षक संतोष ताम्रकार, हृदेश चंदेल, ममता जंघेल, रंजना पाण्डेय, ममता साहू, सिवानी मुदलियार, श्यामा यादव द्वारा शीतला मंदिर में चुनरी अर्पण कर समापन किया गया। तत्पश्चात युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 गांवों के लोगों द्वारा यह चुनरी यात्रा को सफल बनाया साथ में दोपहर एवं रात्रि में विशाल भंडारा का आयोजन समिति द्वारा किया गया था। वहीं पूरे मार्ग में आवाजाही बाधित नही हुई। चुनरी यात्रा के दौरान टाऊनशिप से अहिवारा सड़क पर से आवजाही चलती रही। नंदिनी थाना थाना प्रभारी मनीष शर्मा के नेतृत्व में व्यवस्था बनाकर रखी गई थी। राहगीरों ने भी इसके लिए अपना सहयोग दिया।

# सांसद बघेल ने सदस्यता रथयात्रा को भाजपा ध्वज दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के आह्वान पर सदस्यता रथयात्रा विभिन्न जिलों में निकाली गई।

■ भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विभिन्न जिलों में निकाली सदस्यता रथयात्रा

इसी कड़ी में भाजयुमो जिला भिलाई के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को द्वितीय दिवस वैशाली नगर विधानसभा में सदस्यता रथयात्रा को दुर्ग सांसद विजय बघेल और संगठन के नेताओं द्वारा भाजपा ध्वज दिखाकर आरंभ किया गया जो कि भेलवा तालाब नेहरू नगर, तेजस आईएएस अकादमी, शंकराचार्य महाविद्यालय, मॉल चौक, सुपेला बाजार सहित विभिन्न वार्डो एवं चौक-चौराहों में युवा मोर्चा के साथियों द्वारा युवा साथियों को 'सदस्यता अभियान' के अंतर्गत सदस्यता ग्रहण कराया गया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी है और भाजपा सरकार केंद्र या राज्य को सभी में एक बात सामान्य है वो है जनकल्याणकारी कार्य करने लगन। आप सभी ने विगत चुनावों में भाजपा को चुना है और आप भाजपा से जुड़कर देश को और मजबूत बनाने और भारत को विश्वगुरु बनाने में समर्थन देवे।

जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा की युवा मोर्चा विभिन्न कॉलेज, आईटीआई, शैक्षणिक संस्थानों सहित जीम, खेल मैदान, बाजारों, मॉल, चौक चौराहों , वार्डो में भी सदस्यता कर रहा है, सभी वर्गों के युवाओं को जोड़ने का कार्य जारी है।

### युवा मोर्चा भिलाई लक्ष्य से दोगुना सदस्यता करेगा

रथयात्रा द्वितीय दिवस भाजपा ध्वज दिखाकर रवाना करने वालों में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजय शुक्ला, सुपेला मंडल अध्यक्ष रूपराम साहू, वैशालीनगर मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, रथयात्रा प्रभारी सुरेंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख नितेश मिश्रा, तुगेंद्र सिंह, अर्जुन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहन सिंह, तेजस पाल, जिला महामंत्री रितेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सौरभ जायसवाल, कोषाध्यक्ष मोहनीश काले, जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा, कन्या शक्ति संयोजिका संस्कृति वर्मा, अर्पणा मुखर्जी, भाजयुमो सुपेला मंडल अध्यक्ष मनीष पीपरोल, भाजयुमो कैम्प मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह, वैशालीनगर मंडल अध्यक्ष विनय सेन, महामंत्री लोकेश चंद्राकर, अर्पित तिवारी, मनीष साहू, रोमेंद्र साहू, शिव कुमार सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जिला उपाध्यक्ष सौरभ जायसवाल और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रितेश ठाकुर ने किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने दी।

## जामगांव आर में हुआ बहुजन समाज पार्टी आत्म सम्मान स्वाभिमान जगाओ यात्रा कार्यक्रम



**जामगांव आर।** बहुजन समाज पार्टी प्रदेश इकाई के तत्वावधान में एसटी, एससी एवं ओबीसी के आरक्षण में उप वर्गीकरण व क्रिमी लेयर के विरोध में आत्म सम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा के मुख्य मार्गदर्शक दाऊ राम रत्नाकर केंद्रीय कोऑर्डिनेटर श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष ओपी वाजपेई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता गेडाम प्रदेश महासचिव का जामगांव आर्मी एवं बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस यात्रा कार्यक्रम में दुर्ग जिला प्रभारी लोकेश महलवार, दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक चंद्राकर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. धृतलाहरे, चैन सिंह धृत लहर, उमेश यादव, रोम लाल निषाद, भारत सोनवानी आदि उपस्थित थे।

# सायबर संबंधित जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

साइबर जन जागरूकता पखवाडा अंतर्गत नंदिनी थाना के वार्ड क्रमांक 1 अहिवारा के युवा जागृति मंच में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें आस-पास के ग्रामीण अंचल से आए श्रद्धालुओं एवं नगर के लोगों को साइबर फ्राड से बचने जागरूक किया गया। साइबर अपराध के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह अभियान 5 से 19 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि बैंक, एटीएम, क्रेडिट एवं अधार कार्ड संबंधित निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्तियों से साझा ना करें। ओटीपी शेयर ना करें। अनजान फोन नंबर से कोई घटना की जानकारी देकर पैसे की मांग करने पर तुरंत उस व्यक्ति, रिश्तेदारों से संपर्क कर वास्तविकता की जानकारी लेनी चाहिए। अनजान फोन काल पर विश्वास न करें। अंजान व्यक्ति के कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना चाहिए। ऑनलाइन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। उन्होंने फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यू-ट्यूब एवं गुगल सर्च इंजन के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार की सायबर अपराध के विषय में जानकारी दी। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल करने की बात कही।

### सही जानकारी जरूर लें

थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचे। जो व्यक्ति फोन पर, आपका पहचान वाला, कोई करीबी रिश्तेदार होना बता रहा है, वह वास्तव में वही व्यक्ति है या नहीं, इसकी जानकारी लेनी चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अशोक बाफना, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो आनंद ताम्रकार,भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल चंदेल, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, सीसीटीएनएस आरक्षक खिलेंद्र, साइबर सदस्य नवीन कोठारी उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना जैन पति सुनिल जैन निवासी वार्ड नं. 05 धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम धमधा प.ह.न. 15 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1008/9, 1008/12 रकबा क्रमशः 0.02, 0.02 हे0/4300 वर्गफीट भूमि का कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु, बी 1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय ने उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार जैन पिता पारसमल जैन निवासी वार्ड नं. 05 धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम धमधा प.ह.न. 15 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 348/2, 348/6, रकबा क्रमशः 0.014, 0.013 हे. / 2700 वर्गफीट भूमि का कृषि भिन्न प्रयोजन हेतु, बी-1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे आवेदित भूमि के संबध मे जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण मे नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


## बिजनेस साइट

### गोंडवाना भवन में खादी महोत्सव शुरु, ग्राहकों का मिल रहा प्रतिसाद



**भिलाई।** खादी महोत्सव की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। गोंडवाना भवन, सिविल लाइन, दुर्ग में संचालित प्रदर्शनी के संचालक द्वारा भिलाई दुर्ग वासियों के लिए अब 5 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2024 तक इस प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ आपकी ट्विनसिटी नगर वासियों के लिए किया गया है ताकि भिलाई दुर्गवासी इस मेले में खरीदी का लुत्फ ले सकें। आप इस प्रदर्शनी में आकर यहां का लाभ लें , प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालक सनवीर पाल ने चर्चा के दौरान बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, खादी महोत्सव में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक ने बताया कि जहां कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी और भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं भिलाई-दुर्ग में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध हैं। नवरात्रि के शुभ अवसर पर सामानों की खरीदी कर विशेष आकर्षक की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान ग्राहकों के लिए रखे गये हैं ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए यहां डेबिट व क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध है। सुबह 10 से रात 11 बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं एवं असुविधा ना हो इस प्रदर्शनी में इसलिए ग्राउंड में ही व्यवस्था के साथ भरपूर स्थान पार्किंग के लिए भी है ।

### आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ दूसरा सफलतम किडनी ट्रांसप्लांट



**भिलाई।** आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग में किडनी का दूसरा सफल ट्रांसप्लांट किया गया। चिरपोटी अंडा निवासी 32 वर्षीय युवक की दोनों किडनियां खराब हो गई थी। युवक को लगभग डेढ़ साल से हाथ पैर में सूजन, उल्टी लगना, भूख का ना लगना इत्यादि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तत्पश्चात कई जगह से इलाज करने के बाद किसी परिचित के सुझाव से डॉ. आरके साहू के पास परामर्श के लिए आए जहां डॉक्टर साहू ने जांच की और पाया कि युवक ग्लोमरूलोनेफ्राइटिस एवं इगा नेफ्रोपैथी नामक बीमारियों की वजह से दोनों किडनियां खराब हो चुकी थी। डॉ. आरके साहू एवं डॉ. नवीन राम दारुका ने युवक को डायलिसिस की सलाह दी लगभग 8-9 महीने तक सप्ताह में 3 बार डायलिसीस चला, युवक के कम उम्र को देखते हुए डॉक्टरों ने किडनी प्रत्यारोपण की सलाह दी। तत्पश्चात अपने कलेजे के टुकड़े को बचाने के लिए युवक के 53 वर्षीय पिता ने आगे जाकर किडनी दान कर दी। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पिता एवं पुत्र दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इस सफलता पर आरोग्यम हॉस्पिटल के वरिष्ठ किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन राम दारुका एवं वरिष्ठ किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. आरके साहू ने पूरी टीम को बधाई दी एवं बताया कि आरोग्यम हॉस्पिटल की टीम पहले सफल किडनी ट्रांसप्लांट के बाद काफी उत्साहित है, आरोग्यम हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ में एकमात्र विश्व स्तरीय किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर हैं जहां पर महानगरीय अस्पतालों के मुकाबले बहुत ही कम कीमत में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है, उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आरोग्यम हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट की सेवाओं में विस्तार किया जा रहा है। युवक एवं उनके पूरे परिवार ने अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ पर आभार प्रकट किया तथा दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### सोनू फैमिली कनेक्शन और फैंसी स्टोर में नवरात्रि ऑफर

**भिलाई।** महाराणा प्रताप नगर, बोरसी दुर्ग स्थित सोनू फैमिली कलेक्शन एवं फैंसी स्टोर में सभी प्रकार के मेन्स वियर, लेडीस वियर, किड्स वियर, जींस, शर्ट, टीशर्ट, कुर्ता. शेरवानी, टॉप, साड़ी, कुर्ती, सेटलेगिंस, नायर केट, प्लाजों सेट आकर्षक दामों पर उपलब्ध है। संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रत्येक खरीदी पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। यहां सभी डिजाइनों के ब्लाउज एवं सलवार सूट की सिलाई की जाती है। साड़ी में पीको फॉल एवं ब्लाउज अस्तर मिलते हैं इसके अलावा सभी प्रकार के बैंगल्स, गिलास एण्ड मेटल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, प्लास्टिक बैंगल्स, हियरिंग और चेंस एवं कॉस्मेटिक आइटम उपलब्ध है।

### विधायक ललित ने की पूजा-अर्चना



**अंडा।** ग्राम बोरई में नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुये विधायक ललित चन्द्राकर ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि, सुख-शांति और विकास की कामना की की। इस अवसर पर ओमेश्वर राजू यादव, अंजोरा मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, सरपंच पद्मा टीकम साहू, पूर्व सरपंच रिवेन्द्र यादव, इंद्रजीत साहू, संतोष यादव, डॉक्टर टीकम साहू, आनंद देव चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, छत्रपाल साहू, महेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने दिखाई नवदुर्गा रूप की झांकी



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय अमेरी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने नवदुर्गा रूप की झांकी और गरबा नृत्य का मनमोहक आयोजन किया गया। शिक्षकों ने नवदुर्गा रूप की महिमा और हिन्दू संस्कृति में 9 के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक देवलाल पटेल, अरूण कुमार मरकाम, शिक्षक मुकेश कुमार वर्मा, आदित्यनारायण वर्मा, प्रीति शुक्ला, साखीराम साहू, स्वयंसेवी शिक्षक जागृति नेताम, लक्ष्मी चन्द्राकर, पालकगण, रसोईया और विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी घुघुवा संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा ने दी।






## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर में भाषा बोधन वर्ग का आयोजन

**भिलाई।** संस्कृत भारती दुर्ग मण्डल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में दो दिवसीय भाषा बोधन वर्ग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य महेश चंद्र शर्मा थे। उन्होंने कहा कि जब तक देव वाणी संस्कृत का पठन पाठन इस देश में है, विश्व में भारत प्रतिष्ठित है। हमें संगठित होकर सरल संस्कृत को अपने वार्तालाप और व्यवहार मे लाना होगा। कलयुग में संगठन में ही शक्ति होती है। संस्कृत भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री हेमन्त साहू ने श्री शर्मा का परिचय दिया । उन्होंने प्रो.महेश कुमार अलेन्द्र और जनेंद्र कुमार को पुस्तकें भेंट कीं। डॉ. दिव्या देशपाण्डेय ने संस्कृत संवाद शैली पर रोचक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो.जनेन्द्र कुमार तथा आभार ज्ञापन हरित वर्मा ने किया।

### मिशन लक्ष्मी में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**भिलाई।** 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण षिविर का आयोजन राजहरा माइंस चिकित्सालय में हुआ। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी व डां. कौशलेन्द्र ठाकुर विशेष अतिथि थे। डीएवी स्कूल, राजहरा की छात्राओं, शिक्षिकाओं, महिला कर्मचारियों व सफाई दीदियों सहित 100 महिलाओं ने भाग लिया। मिशन लक्ष्मी' के तहत बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन, फोलिक एसिड व एल्बेंडाजॉल टेबलेट का वितरण तथा रक्त में हीमोग्लोबिन व शुगर की मात्रा की जाँच और पेप स्मेअर जाँच करने के साथ स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी जा रही है। श्री गहरवार ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है, जिससे घर, परिवार एवं कामकाज में व्यस्तता के कारण वह स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। 'मिशन लक्ष्मी' महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य की देखभाल पर केन्द्रित है। डां. ठाकुर ने मिशन लक्ष्मी की परिकल्पना, महत्व तथा भविष्य में इसके व डां. द्विवेदी ने उत्तम स्वास्थ्य के महत्व व देखभाल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डां. हिमानी गुप्ता ने स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण व सजगता, शुभस्मिता पटनायक ने बच्चों के स्वास्थ्य तथा परोमिता दासगुप्ता ने संतुलित खान-पान की जानकारी दी।

### विधायक कर रहे बम्लेश्वरी पदयात्रियों की सेवा

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के तत्वावधान पर ग्राम अंडा अटल चौक पर डोंगरगढ़ पदयात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा किया गया हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री पुकेश चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, लोकेश देवांगन, फेकुराम चंद्राक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण यदु, किसान मोर्चा महामंत्री फलेंद्र सिंह राजपूत, सतीश चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

# कोर्ट के आदेश का पालन करवाने डीएड अभ्यर्थियों ने खोला मोर्चा

## दुर्ग संभाग के सैकड़ों अभ्यर्थी डटे हैं अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हाईकोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति न मिलने के कारण डीएड अभ्यर्थी की स्थिति दयनीय होती जा रही है। नाराज अभ्यर्थियों ने मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस प्रदर्शन में दुर्ग संभाग के सैकड़ों अभ्यर्थी हैं। जो धरना स्थल में डटे हुए हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान अभ्यार्थी वर्तमान सरकार से नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में महिला अभ्यर्थी भी बडी संख्या में शामिल हो रही है।



### नियुक्ति आदेश तक डटे रहने का प्रण

डीएड अभ्यर्थियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश को 6 महीने और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को 1 महीना होने को है। न्यायालय के इस फैसले पर विभाग और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे काउंसलिंग कराकर अपने पद से वंचित बेरोजगार, मानसिक रूप से पीड़ित डीएड अभ्यर्थी व्यथित होकर न्याय के लिए यात्रा निकालकर विभाग और सरकार से नियुक्ति की गुहार लगा रहे है।

### अभ्यर्थी की तबियत बिगड़ी



धरना स्थल पर अचानक एक महिला डिप्लोमा अभ्यर्थी की तबियत बिगड़ गई। धरना स्थल मे किसी प्रकार की कोई भी सुविधा नहीं है चाहे वो मेडिकल संबंधी हो चाहे दैनिक क्रिया की सुविधा तक भी नहीं है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। अभ्यर्थी मुंडन संस्कार कर अनूठा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार से नियुक्ति की मांग कर रहे हैं।

### इस तरह चला संघर्ष

सहायक शिक्षक भर्ती 2023 का विज्ञापन 04 मई 2023 को विज्ञापित किया गया था जिसे डीएड अभ्यर्थियों ने 30 दिवस भीतर परीक्षा पूर्व छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट मे याचिका (वीपीएस3541/2023) दायर कर चैलेंज किया था। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में डीएड वर्सेस बीएड विवाद का फैसला जनवरी 2023 में सुरक्षित कर लिया गया था। जिसका फैसला 11 अगस्त 2023 को जारी किया गया।इस फैसले के अनुसार बीएड डिग्री को सहायक शिक्षक पद के लिए असंवैधानिक घोषित किया। जिसके पालनार्थ में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने 21 अगस्त 2023 को केवल डीएड अभ्यर्थियों का काउंसलिंग में भाग लेने का आदेश पारित किया था। जिसे बीएड डिग्री धारकों ने सुप्रीम कोर्ट मे चैलेंज किया। जिस पर अंतरिम आदेशानुसार बीएड डिग्री धारको का काउंसलिंग और नियुक्ति हाईकोर्ट के अंतिम आदेश के अधीन सुप्रीम कोर्ट ने रखा। जिस पर अंतिम फैसला हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 को दिया। जिसके अनुसार सहायक शिक्षक पद पर बीएड डिग्री धारकों के स्थान पर केवल डीएड धारकों की 6 सप्ताह के भीतर नियुक्ति का अंतिम आदेश पारित किया । 28 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने इन समस्त याचिका खारिज कर डीएड के पक्ष में फैसला दिया और हाईकोर्ट के फैसले को पूर्णतः सही ठहराते हुए इस विवाद को अंतिम रूप से निस्तारित कर फैसले को जल्द पालन करने का निर्देश छत्तीसगढ़ सरकार को दिया है।

## दुर्गोत्सव में डीजे, वेस्टर्न और कराओके संस्कृति की धूम

# बदलावः रॉक बैण्ड के शोर में दब गई सुनहरे दौर के आर्केस्ट्रा की सरगम

विमल शंकर झा ▶▶|भिलाई

मैदान में गुलाबी ठंड की झुरझुरी को भूल सतरंगी लाइटिंग से जगमग स्टेज पर टिकी हजारों लोगों की बेताब निगाहें... कांगो, बांगो, ढोलक और एकाडियन जैसे पुराने साजों की मधुर रिदम... सिंगर के हैंड माइक थामते ही दिल की धड़कनों के साथ तालियों और सीटियों का तेज स्वर और फिर- वातवरण में खनकती मखमली आवाज - तून मुझे बुलाया शेरा वाली ए, आगे भी जाने न तू, पीछे भी जाने न तू, ऐ मेरा दिल प्यार का दीवाना, ओ हंसीना जुल्फों वाली जैसे सुरीले गीतों का देर रात तक चलता सिलसिला ।

भिलाई में दुर्गोत्सव और गणेशोत्सव पर दिखाई देने वाला सदाबहार गीतों का यह यादगार खुशनुमा नजारा अब गुजिश्ता दौर की बात हो गई है। अस्सी और नब्बे के दशक के आर्केस्ट्रा का वह गोल्डन ईरा आज के इंटरनेट के वेस्टर्न लाइव बैंड के शोर में कहीं दब गया है। वक्त के साथ यह बदलाव आर्केस्ट्रा के पुराने कलाकारों के लिए जहां एक मीठी टीस तो नई पीढ़ी के कलाकारों को लिए बदलते वक्त के साथ रुचियों के अनुरुप पैसन कम फैशन है। लता,रफी, मुकेश और किशोर के रेडियो के मधुर गीतों की मिठास का लाइव एहसास कराने वाले शहर में आर्केस्ट्रा का सुनहरा दौर जितना दिलचस्प है, उतना ही अफसोसनाक इसका नेपथ्य में चला जाना है। कलाकारों के मुताबिक दो तीन दशक पूर्व गणेश व दुर्गापूजा उत्सव पर आर्केस्ट्रा के सुरीले गीतों के होने वाले शो अब टीवी, इंटरनेट कल्चर के चलते रांक बैंड के वेस्टर्न म्यूजिक, कराओके ब्रांड रिमिक्स और हल्के कार्यक्रमों में बदल गए हैं। ढोलक, तबला और हारमोनियम की जगह जार्ज व ड्रम पैड ने ले ली है और दिल में उतरने वाले गीतों की मिठास गायब हो गई है। अधितकतर पुराने आर्केस्ट्रा अब इतिहास बन चुके हैं और जो चंद बचे हैं उन्होंने वक्त के अनुरुप खुद को ढाल लिया है। 80,90 का एक दौर था जब, गणेश व दुर्गापूजा पर मधुर फिल्मी गीतों के आर्केस्ट्रा के शो और अभा कवि सम्मेलन का आयोजकों व संगीतप्रेमियों दोनों को ही बेसब्री से इंतजार होता था। जुनूनी कलाकार भी महीनेभर पहले से अमीन सायनी के दिलचस्प एकरिंग के साथ मधुर गीतों की रिहर्सल शुरु कर देते थे। और जब बदन पे सितारे लपेटे हुए, ढपली वाले ढपली वाले जैसे सदबहार गीत कांगो, बांगो एकाडियन व ढोलक के साथ परफार्म होते तो दर्शक गुपचुप और खारीगरम के साथ देर रात तक भावविभोर होते रहते। और गायक व साजिंदे किसी स्टारडम की तरह होते थे। भिलाई में 70 व 80 के दशक में साहित्यकार दानेश्वर शर्मा के लोकगीत बोल रे मिट्ठू तपतकुरु को अपनी मधुर आवाज से एचएमबी पर रिकार्ड कर लिम्का बुक आफ रिकार्ड में दर्ज होने का सौभाग्य हासिल करने वालीं छग की लता के नाम से प्रसिद्ध गायिका मंजुला दासगुप्ता के मंजुला दास एंड म्यूजिकल पार्टी, किशोर कुमार फैन केशव के राग रंग आर्केस्ट्रा,भिलाई संगीत समिति, भिलाई म्यूजिकल मैलोडी, श्री एमएमएम और इंडो सोवियत म्यूजिकल ग्रुप आदि करीब दर्जनभर आर्केस्ट्रा 90 के दशक तक अंचल में लोकप्रिय थे।

### कलाकारों ने सदाबहार गीतों को अनुभव किए साझा





### छग की लता के नाम से मशहूर थीं स्वर कोकिला मंजुला



मंजुला दास ग्रुप के रफी की आवाज में गाने वाले स्टार सिंगर विनोद वर्मा बताते हैं कि हमारे ग्रुप की लोकप्रियता का आलम यह था कि छग के बाहर भी गणेश, दुर्गापूजा के 15 दिन बाद तक शो की 5 हजार में बुकिंग होती व हजारों दर्शक हुआ करते थे। हमारी स्पर्धा राजनांदगांव के राजभारती आर्केस्ट्रा से होती थी। इसके बाद 90 के दशक में राकेश शुक्ला, देवव्रत, जानकी रैमैया व सुब्रत राय के ज्योति ग्रुप, फिर देवव्रत के इम्पा, राकेश के राग ज्योति और वरुण चक्रवर्ती के जेएमसी ग्रुप, शाहिद आरिफ ग्रुप आदि दर्जनभर आर्केस्ट्रा की धूम रही। वर्तमान में शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा व जेएमसी लाइव बैंड, केडी के डाल्फिन, संदीप के जुनून, सोनाली सेन के सरगम जैसे कुछ आर्केस्ट्रा ही बदले हुए दौर में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। जेएमसी ग्रुप के डायरेक्टर वरुण चक्रवर्ती बताते हैं कि आज संगीतप्रेमियों का टेस्ट बदल गया है, ऐसे बदले दौर में भी हम फूहड़ता से परे मधुर गीतों से अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। राजहरा संगीत समिति के सिंगर रहे मुकेश पटेल बताते हैं कि पहले के सियार वायलिन तबले का संगीत गायब हो गया है, आज टीवी शो से हर कोई सिंगर बन गया है। जबकि 80 का आर्केस्ट्रा का दौर गोल्डन ईरा था। गायिका आरती जयकुमार बताती हैं कि भक्ति गीतों से लेकर फिल्मी तक सभी तरह के गीत दर्शक पसंद करते हैं। दो हजार के दशक तक भिलाई में शहर के आर्केस्ट्रा के साथ बाहर के नामी आर्केस्ट्रा के आयोजनों की भी धूम थी। बाहर के रायपुर संगीत समिति, राजभारती, कादर आर्केस्ट्रा,फनकार, बाबला कंचन आर्केस्ट्रा के शो देखने पौ फटने तक भीड़ होती थी। वहीं छग अंचल के साथ पड़ोसी राज्यों में कार्यक्रम देने वाले भिलाई के आर्केस्ट्रा के भी गायक गायिकाओं व साजिंदों का किसी स्टार की तरह आकर्षण था।

### संगीत को समर्पित जेएमसी म्युजिकल परिवार

मधुर फिल्मी गीतों के साथ बांग्ला और लोक गीतों की शालीन प्रस्तुति के लिए 3 दशकों से



चर्चित जेएमसी आर्केस्ट्रा के डायरेक्टर बरुण चक्रवर्ती बताते हैं कि वक्त के साथ टेस्ट व आयाजनों में भी बदलाव आया है। हमारा ग्रुप शुरुवाती दौर में देश में एकमात्र बांग्ला गीतों को प्रस्तुत करने वाला बैंड हुआ करता था। उद्देश्य उदयीमान प्रतिभाओं का ग्रुमिंग कर मंच देना रहा है।फिर फिल्मी गीतों के बाद भोजपुरी,पंजाबी,ओड़िया आदि प्रांतीय भाषा के फिल्मी गीत,भजन को गायकों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। उल्लेखनीय है कि वरण का पूरा परिवार संगीत कला में समर्पित है। उनकी पत्नी जेएमसी की स्टार सिंगर, पुत्र साई कंपोजर, भतीजे ... गायक व बड़े भाई शक्तिपद चक्रवर्ती वरिष्ठ रंगकर्मी हैं। सभी जेएमसी से जुड़े हैं। छग फिल्मों, दूरदर्शन के साथ प्रधानमंत्री के समक्ष कार्यक्रम दे चुकीं गायिका बकौल गौतमी संगीतप्रेमियों के दिल में जगह बनाने पुराने फिल्मी गीतों के साथ लोकगीत, भजन और नए गीतों की भी प्रस्तुति करनी होती है।

### वेस्टर्न सोच ने बदला सुरीला दौर

मंजुला दास गुप्ता आर्केस्ट्रा के स्टार सिंगर रहे विनोद वर्मा बताते हैं कि गणेश व दुर्गा पूजा पर



सुरीले आर्केस्ट्रा के उस सुनहरे दौर को आज लोगों की वेस्टर्न सोच ने बदल दिया है। कराओके ट्रैंड ने पुराने सुरीले साजों व साजिंदों को बाहर कर दिया है। पहले हमारे बाहर भी शो इतने होते थे कि हम घर आने तरस जाते थे। लेकिन दर्शक हमें सरस्वती उपासक मान सम्मान देते व लौटते तो हमारी जेबें भी भरी होती थीं।

### याद ए रफी से बनी पहचान

शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा भिलाई दो भाइयों के जुनून का प्रतीक है। सिंगर आरिफ बताते है कि टीवी के दौर में मधुर गीतों की मिठास खत्म हो गई है। हम रुटीन के साथ 25 वर्ष से यादे रफी शो कर रहे हैं। भजन, सूफीयान और पुराने गाने सभी विधा के गाने देते हैं। ग्रुप के डायरेक्टर शाहिद प्रतिभावान हैं। छग सांस्कृतिक मंच दुर्ग के संचालक तुलसी सोनी बताते हैं कि दर्शकों की रुचि के अनुरुप कार्यक्रम देते हैं। पूर्वा, श्रीजा, हरीश व रमन आदि अच्छे कलाकार हैं। फिल्मी व लोक गीत दोनों पसंद किए जाते हैं।



### कराओके से बदला संगीत

80 के दशक में राग ज्योति के डायरेक्टर रहे जेएमसी के कलाकार व एंकर राकेश शुक्ला बताते हैं कि इंटरनेट के शोर से मधुर गीतों के आर्केस्ट्रा का सिमटा सुनहरा दौर बेहद यादगार था। ढोलक, मरकश व खंजरी के साथ महीनों रिहर्सल बाद हजारों की मौजूदगी में सदाबहार गीतों के लाइव शो का आनंद आज वाद्ययंत्रों व मंझे हुए वादक विहीन कराओके संस्कृति में नहीं है। पहले आनर के पास बस बैनर होता था, साज कलाकार अपने घर से लेकर आते थे। भिलाई के आकेस्ट्रा व सिंगर व सांजिंदे बाहर भी लोकप्रिय थे।



# प्रोपेन प्लांट में आपदा प्रबंधन के लिए 'मॉक ड्रिल' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के बेहद खतरनाक श्रेणी में आने वाले प्रोपेन प्लांट विभाग में 7 अक्टूबर को आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने जैसे कार्यों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बखूबी अंजाम देते हुए इस योजनाबद्ध अभ्यास को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

मांकड्रिल ( अभ्यास) में दिखाया गया कि सुबह 10.30 बजे अचानक इलेक्ट्रिक शॉक लगने के कारण विभाग के तीन कर्मचारी नंदीकेश्वर, मनोहर तथा धर्मेन्द्र बुरी तरह आहत हो गए। विभाग द्वारा तुरंत उस कर्मियों का रेस्क्यू किया गया। मेन मेडिकल पोस्ट में एम्बुलेंस के लिए और फायर ब्रिगेड विभाग में अग्निशमन वाहन के लिए सूचित किया गया। साथ ही दुर्घटना की सूचना प्लांट कंट्रोल, सुरक्षा अभियांत्रिकी, सिविल डिफेंस, पर्यावरण विभाग, कार्य प्रबंधक, सीआईएसएफ कंट्रोल, मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएँ), मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, कार्यपालक निदेशक तथा निदेशक प्रभारी कार्यालय में दी गई।

दुर्घटना स्थल पर अग्निशमन वाहन 5 मिनट एवं एम्बुलेंस 4 मिनट में ही पहुँच गई। आहत व्यक्तियों को उपचार के लिए मेन मेडिकल पोस्ट भेज दिया गया तथा स्थिति पर काबू पा लिया गया।

### दुर्घटना की तैयारी को परखा

विभागीय ईएमपी में निर्धारित 6 खतरों में एसएसओ, रांची द्वारा सुझाए गए एक नए खतरे इलेक्ट्रिक शॉक को चिन्हित कर उस पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस आपदा प्रबंधन अभ्यास के माध्यम से उन सभी गतिविधियों की क्लोज मॉनिटरिंग की गई और इस दौरान विभिन्न कमियों को भी नोट किया गया। इस सम्पूर्ण अभ्यास का उद्देश्य है आपदा के समय होने वाले आपाधापी व अफरा-तफरी से कैसे बचा जाए, साथ ही इस दौरान प्राप्त खामियों को दूर कर आपदा प्रबंधन को बेहतर बनाने का समुचित प्रयास किया जाना है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301







## दुर्गोत्सव ...



भिलाई। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति भानपुरी

# दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन और झांकियों को देखने श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ट्विनसिटी में दुर्गोत्सव पर धार्मिक उल्लास और मेले जैसा माहौल है। जगह जगह विराजित दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन और झांकियों को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान लोग परिवार के साथ विभिन्न भक्तिमय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठा रहे हैं। क्वांर नवरात्रि पर शहर आदि शक्त की भक्ति में डूबा हुआ है। भिलाई में टाउनशिप और पटरीपार में करीबन सौ स्थानों पर दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। कई स्थानों कई पंडालों को देश के प्रसिद्ध मंदिरों का रुप दिया गया है वहीं कई स्थानों मीना बाजार भी लगे हैं। दुर्ग में भी कई मोहल्लों में दुर्गोत्सव के आयोजन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ट्विनसिटी में दर्शन और मेले का लुत्फ उठाने देर शाम से जनसैलाब उमड़ने लगता है। शहर के अलावा बड़ी तादाद में आसपास के गांवों से भी लोग आ रहे हैं। टाउनशिप में सेक्टर 1,2, सेक्टर 4, 5, 6, 7, 8,9 सेक्टर 10, हुडको में दुर्गा की प्रतिमाओं के विभिन्न कार्यक्र भी आयोजित किये जा रहे हैं। सेक्टर दुर्गोत्सव, गुंडीचा मंडप सेक्टर 10 और सेक्टर 1 में मीना बाजार में परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। सेक्टर 7 मार्केट का भव्य दुर्गोत्सव में लोज हजारों लोग उमड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा आकर्षण दर्शन के साथ प्रसिद्ध मंदिरों की प्रतिकृति वाले भव्य और सुंदर दुर्गा पंडाल बने हुए हैं। इसी तरह पटरीपार में पावरहाउस लाल मैदान में भी झांकी देखने शाम से भी श्रद्धालु पहुंचने लगते हैं। लोग खाते पीते परिवार के साथ आनंद ले रहे हैं।

## सम्मानजनक बोनस यूनियनों व प्रबंधन के लिए चुनौती

# सेल कर्मियों के बाद अब ठेका मजदूरों के बोनस के लिए दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल कर्मचारियों का बोनस के तय होने के बाद अब भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों के बोनस की मांग जोर पकड़ने लगी है। मजदूरों को जायज बोनस दिलवाना यूनियनों के साथ प्रबंधन के लिए भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसके लिए श्रमिक संगठनों दबाव बढ़ान शुरु कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों के लिए उच्च प्रबंधन द्वारा बोनस का सर्कुलर चार दिन पूर्व जारी कर दिया गया है। तय किए गए 26,500 रुपए के यूनियनों के विरोध के बीच प्रबंधन चुप्पी साधे हुए है। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों के दिवाली पूर्व



बोनस भुगतान के लिए मजदूरों के साथ श्रमिक संगठनों ने भी दबाव बनाना शुरु कर दिया है। यूनियनों द्वारा 20 हजार बोनस की मांग की जा रही है। पिछले साल दिल्ली में हुई एनजेसीएस सब कमेटी बैठक में भी एनजेसीएस यूनियनों ने सेल में काम करने वाले ठेका मजदूरों के लिए बीस हजार बोनस की मांग की थी। प्रबंधन ने विचार करने आश्वासन भी दिया था। लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ यूनियनों के मुताबिक प्रथम नियोक्ता सेल या बीएसपी होने के नाते प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह ठेकेदारों से मजदूरों को जायज बोनस दिलवाए। अधिकतर ठेकेदार मजदूरों को बहुत कम बोनस देते हैं वहीं कई ठेकेदार तो बोनस के नाम पर मिठाई का डिब्बा पकड़ा देते हैं। कुछ बड़ी कंपनियों को छोड़कर अधिकतर मात्र तीन चार हजार बोनस ही देती हैं। एचएमएस यूनियन के एचएस मिश्रा ने बताया कि ठेकेदारों से सभी मजदूरों को नियमों के तहत निर्धारित बोनस दिलवाना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। बोनस में मनमानी नहीं चलेगी।

### बीएसपी में जायज बोनस के लिए दबाव

भिलाई इस्पात संयंत्र में करीब 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। जबकि सेल में इनकी संख्या लगभग 80 हजार है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी सहित सभी यूनिटों में शुरु से मजदूरों का योगदान कर्मचारियों की तरह ही रहा है। गैर उत्पादन के कार्यों पर तो बीएसपी व सेल प्रबंधन मजदूरों पर निर्भर सा हो गया है। लेकिन इनके वेतन व बोनस सुविधा को लेकर उदासीन है। स्टील श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि सभी ठेका मजदूरों को जायज बोनस भुगतान किया जाना जरुरी है। सभी विभागों में मजदूर क्लीनिंग व मेंटेनेंस आदि कार्यों से जुड़े हैं। यूनियन सभी मजदूरों को जायज बोनस दिलवाने प्रबंधन पर दबाव बनाए हुए है।